रोहतक
गुरुवार, 20 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 48
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 34.1
न्यून. 16.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



3 आईपीएल : लखनऊ-बेंगलुरु दिल्ली और पंजाब को पहले खिताब की आस

ALLEN Results validated by
Official result validator
EY

# तैयारी से सफलता तक ALLEN आपके साथ





## ALLENites made history in 2024

| IITs | AIIMS (MBBS) | GMCs | OLYMPIADS |
|---|---|---|---|
| 4425 ALLENites out of 17692 seats in 2024 | 660 ALLENites out of 2207 seats in 2024 | 10000+ ALLENites secured their seat in Govt. Medical College | 150 out of 333 Selections in Indian National Olympiads (INO) 2025 |

25 AIR#1 JEE & Pre-Medical in last 15 years from classroom

ALLEN HARYANA CHAMPIONS in JEE Main 2025 (Sesion-1)

Performance that is setting new records in 2025!




Join the league of toppers

## ADMISSIONS OPEN

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 6th to 12th & 12th Pass

ASAT के लिए रजिस्टर करें
और पाएं 90% तक की स्कॉलरशिप*
23 & 30 MARCH

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

**NURTURE COURSE**
For students moving from class 10th to 11th
JEE (Main+Adv.) 2027 : 31 Mar. '25
NEET (UG) 2027 : 31 Mar. '25

**ENTHUSIAST COURSE**
For students moving from class 11th to 12th
JEE (Main+Adv.) 2026 : 24 Mar. '25
NEET (UG) 2026 : 24 Mar. '25

**LEADER COURSE**
For class 12th Pass students
NEET (UG) 2026 : 17 Apr. '25
JEE (Main+Adv.) 2026 : 21 Apr. '25

**CRASH COURSE**
For class 12th Pass students
NEET (UG) 2025 : 27 Mar. '25

**PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION**
For class 6th to 10th students
Class 8th & 9th: 7 Apr. '25
Class 7th & 10th: 8 Apr. '25 | Class 6th: 11 Apr. '25
Class 9th & 10th : 12 Apr. '25 (Weekend Batch)

For more test dates & course start dates visit: allen.ac.in

**ALLEN Rohtak Center**
Kundu Plaza, Gali No. 2, Chhotu Ram Stadium, Sonipat Road, Rohtak, Haryana 89513 95601 allen.ac.in/rohtak

**ALLEN Hisar Center** 95138 63444 allen.ac.in/hisar
**ALLEN Chandigarh Center** 89513 95508 allen.ac.in/chandigarh
**ALLEN Kota Center** 0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

विस सत्र

## अफसर गैलरी में खाली कुसियां देखकर नाराज हुए स्पीकर

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान सदन में नीचे की तरफ अफसर गैलरी पूरी तरह से खाली होने पर विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सदन की कार्यवाही के दौरान अफसर गैलरी में अधिकारियों की हाजिरी को लेकर साफ कर दिया है कि सदन की कार्यवाही के दौरान अपने विभागों की फाइलों और जवाब आदि को लेकर तैयार रहें। सदन छोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई पर भी विचार हो रहा है।

## विज की चुटकी, खुद को बताया 45 साल का

अनिल विज ने बुधवार को भी सदन में चुटकी ली और हुड्डा पर तथ्यों को छिपाकर बात रखने के आरोप लगाए। हुड्डा कहा कि वे गत तीन दिनों से विज साहब की उम्र पूछ रहे हैं। जिस पर विज ने कहा कि वे 45 साल के एक व्यक्ति के साथ में दौड़ लगाकर आगे निकले हैं, इसलिए कागजी जन्मतिथि से कुछ नहीं होता, मेरी उम्र 45 साल की है। इस दौरान भी छिटपुट नोकझोंक होती रही। वहीं कांग्रेस की ओर से बार-बार खड़े होकर बोलने वाले विधायक डा. रघुबीर कादियान बीबी बतरा, गीता भुक्कल, अशोक अरोड़ा को नसीहत दी और कहा कि वे चेयर से अनुमति लेकर ही बात रखें, बाकी सदस्यों का भी उतना ही अधिकार है।

### विस का बजट सत्र : कांग्रेस शासनकाल में इंस्पेक्टर भर्ती मामले को लेकर हंगामा

मुख्यमंत्री ने सदन के सदस्यों को दी जानकारी

# सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के लिए एडवोकेट जनरल से राय लेगी सरकार

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट-सत्र के आठवें दिन बुधवार को एक बार फिर से कांग्रेस के शासनकाल में हुई पुलिस निरीक्षकों की भर्ती को लेकर हंगामा और शोरगुल हुआ। सत्ता पक्ष की बेंचो से एक बार फिर भर्तियों में गोलमाल का मामला उठाया, तो हंगामा, तू-तू, मैं मैं की शुरुआत हो गई। इस दौरान विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने हस्तक्षेप किया और चेतावनी देकर सभी को बैठा दिया। इस दौरान नेता सदन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में विस्तार से कांग्रेस शासन में हुई भर्ती पर विस्तार से बात रखी और कहा कि पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्ता खुला हुआ है, इस पर एजी (एडवोकेट जनरल) से राय ली जाएगी और हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन से भी स्वीकृति ली जाएगी। इसके अलावा सदन में अंतिम चरण की कार्यवाही में ग्राउंड वायर की गुणवत्ता को लेकर विपक्ष की ओर से संक्षिप्त नोटिस दिया गया था, जिस पर कांग्रेस विधायकों ने अपनी बात रखी व मंत्री श्रुति चौधरी ने इस दिशा में उठाए जा रहे कदमों के बारे में सदन में जवाब दिया। बुधवार को बजट

■ शोरगुल न थमने पर विस अध्यक्ष ने किया हस्तक्षेप



चंडीगढ़। विस सत्र में सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब देते सदन के नेता व मुख्यमंत्री

सत्र के आठवें दिन सत्र की शुरुआत 11 बजे प्रश्नकाल के साथ हुई। विधायकों ने विधानसभा क्षेत्र के मामले उठाए। इस दौरान बिजली, पानी और सड़कों के मामले उठाए गए। परिवहन विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई । मंत्रियों आरती राव, श्रुति चौधरी और मंत्री अनिल विज, रणबीर गंगवा ने अपने अपने विभागों से संबंधित सवालों के जवाब दिए। हरियाणा विस कार्यवाही के दौरान इंस्पेक्टर भर्ती मामले में जहां कांग्रेस की ओर से बार-बार उठाए जाने पर आपत्ति की।

## सदन में आरोप-प्रत्यारोप

डा. रघुबीर कादियान, बीबी बतरा, गीता भुक्कल, आफताब अहमद ने इस पर खासा शोरगुल व हंगामा किया। बाद में वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व बीबी बतरा ने मीडिया गैलरी में आकर मीडिया से बातचीत की। हुड्डा ने दावा किया कि भाजपा की ओर से आरोप लगाने वाले साबित कर दें, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि वे तो मंत्री अनिल विज की मजाक में चल रही बातों का जवाब दे रहे थे, उस दौरान इस्तीफे की पेशकश की थी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूरे मामले पर बुधवार को भी विस्तार से जवाब दिया और कहा कि हुड्डा सरकार के वक्त अर्थात 2008-2009 में पुलिस इंस्पेक्टर भर्ती मामले में हाई कोर्ट ने कई टिप्पणी की हैं, क्योंकि 16 साल बीत चुके हैं, उस वक्त की आंसर शीट भी नहीं हैं। सीएम ने तीन नाम लेकर कहा कि कुछ लोगों ने आंसर शीट पर कुछ लिखा भी नहीं और चयन कर लिया गा। मामले में शिकायतकर्ता के पास में सुप्रीम कोर्ट जाने का विकल्प खुला है, वहीं हम भी एजी से इस बारे में लीगल राय लेकर और स्टाफ सिलेक्शन कमीशन चेयरमैन सदस्यों से राय लेकर कदम उठाने पर विचार मंथन कर रहे हैं। जिसमें पूरे मामले में जांच का विकल्प भी खुला है।सदन में बजट भाषण को लेकर जहां सरकार की ओर से कई सदस्यों बिमला चौधरी, भगवानदास कबीर पंथी और अन्य कई सदस्यों ने बात रखते हुए सरकार के कामकाज की तारीफ की।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करें

**वन विभाग में विविध कार्य करने बारे निविदाकारों के पंजीकरण व नवीनकरण हेतु सूचना वर्ष 2025-26**

हरियाणा वन विभाग के क्षेत्रीय वन मण्डल, रोहतक के अधीन जिला रोहतक में वर्ष 2025-26 में भिन्न-2 स्थानों पर पौधारोपण कार्य, अर्थ वर्क, ढुलाई कार्य, पौधों की पानी देना, नलाई गुडाई, नर्सरियों में पौधों की देखभाल करना, जंगलों में फायर लाईनों की सफाई करना, बिल्डिंग मैंटीनैंस, पौधारोपण का रख-रखाव, अन्य वानिकी व विभागीय कार्यों आदि के कार्य को करने / करवाने हेतू आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवदेन पत्र एवं सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वन मण्डल अधिकारी, क्षेत्रीय, रोहतक के कार्यालय से या haryanaforest.gov.in के पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

आवेदनकर्ता हरियाणा प्रदेश का स्थाई निवासी होना चाहिए। आवेदनकर्ता का वन विभाग में कोई नजदीकी संबंधी / रिश्तेदार कार्यरत न हो। आवेदनकर्ता को वन विभाग द्वारा पंजीकरण के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा करना होगा। इच्छुक आवेदक को निर्धारित शर्तों को पूरा करना होगा। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस पर वन मण्डल कार्यालय, रोहतक से प्राप्त कर सकता है तथा उसे अपना आवेदन पत्र सभी दस्तावेजों सहित बंद लिफाफे में दिनांक 24.03.2025 को सांय 03.00 बजे तक वन मण्डल अधिकारी (क्षेत्रीय) रोहतक कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त विभागीय पंजीकृत निविदाकार यदि वर्ष 2025-26 में कार्य करने के इच्छुक है तो दिनांक 24.03.2025 तक अपना प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रपत्र पर वन मण्डल कार्यालय, रोहतक में जमा करवाएं। यह पंजीकरण दिनांक 31.03.2026 तक मान्य होगा। नए पंजीकरण हेतू 2000/- रू0 तथा नवीनीकरण हेतू 1000/-रू० की पी.ओ./डी.डी. (In favour of Divisional Forest Officer, Rohtak) भी प्रार्थना पत्र के साथ देना अनिवार्य होगा।

उप वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) रोहतक।
झंग कालोनी, रोहतक।
दूरभाष नं0 01262-256940

पीआरडीएच 1043/11/229/2025/33035/88/6 दि. 19.03.2025

## अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी पर जताई खुशी

ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्रख्यात अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सफल अंतरिक्ष यात्रा के बाद उनकी सुरक्षित वापसी पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में यह सुझाव रखा कि यह सदन उनकी सकुशल वापसी पर हर्ष व्यक्त करे और इस भावना को औपचारिक रूप से सुनीता विलियम्स तक पहुंचाया जाए।विज ने यह भी उल्लेख किया कि सुनीता विलियम्स की जड़ें भारत से जुड़ी हैं, और वे अपने प्रत्येक अंतरिक्ष मिशन में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का सम्मान करती हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात का उल्लेख किया कि सुनीता विलियम्स जब भी अंतरिक्ष यात्रा पर जाती हैं, तो वे अपने साथ श्रीमद्भगवद्गीता साथ लेकर जाती हैं। यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और वैज्ञानिक उपलब्धियों का अनूठा समन्वय दर्शाता है। मंत्री महोदय ने उन वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की, जिन्होंने इस अंतरिक्ष अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और आश्वासन दिया कि सुनीता विलियम्स और उनकी पूरी टीम को हरियाणा विधानसभा की शुभकामनाओं एवं बधाइयों से अवगत कराया जाएगा

## छह माह में प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण होगा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि आने वाले 6 महीने में हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा । मुख्यमंत्री ने यह घोषणा आज हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा सड़कों की मरम्मत को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में की।मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 6 महीने में प्रदेश में एक भी सड़क टूटी हुई नहीं मिलेगी। प्रदेश सरकार द्वारा सभी सड़कों का नवीनीकरण कर आमजन को सुविधा देते हुए विकास को तीव्र गति देने का कार्य किया जाएगा।

## हर घर को स्वच्छ पेयजल देने के लिए सरकार समर्पित : गंगवा

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे के अनुसार हर घर में नल और हर नल में स्वच्छ जल के लिए समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। रणबीर गंगवा हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान कलायत के विधायक विकास सहारण द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि शिमला, ढुंढवा, लाम्बा खेड़ी, खरक पांडवा, रामगढ़, कोलेखां, मटोर गांवों में नहर पर आधारित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गांव मटोर की पेयजल आपूर्ति नहर पर आधारित है और गांव की वर्तमान जनसंख्या 10968 व्यक्ति है तथा जलापूर्ति की स्थिति 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन है। गंगवा ने बताया कि इन जल घरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बरवाला लिंक नहर से 2036.02 लाख रूपये की लागत से कार्य प्रगति पर है, जिसके अंतर्गत अब तक 980.69 लाख रूपये खर्च किए जा चुके हैं। मटोर, बड़सीकरी कलां, बड़सीकरी खुर्द, खेड़ी शेरखान, बालू, कमालपुर चौसाला, बात्ता और कैलरम गांवों को कवर किया जा रहा है।

## किसानों को भुगतान के लिए उत्तराखंड सरकार को पत्र लिखा

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर उत्तराखंड की एक गन्ना मिल में हरियाणा के किसानों की बकाया राशि को जारी करने का अनुरोध किया है। यह बकाया राशि करीब 34 करोड़ रुपए है। नायब सिंह सैनी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे पत्र में कहा है कि विभिन्न किसान संगठनों के साथ बैठक करते हुए उनके संज्ञान में आया है कि उत्तराखंड की इकबालपुर चीनी मिल में हरियाणा के गन्ना किसानों का वर्ष 2017-18 का लगभग 34 करोड़ बकाया है। भुगतान में देरी के कारण उन किसानों को काफी परेशानी हो रही है जो अपनी आजीविका के लिए इन निधियों पर निर्भर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार भुगतान में देरी के कारणों की जांच भी करवाएं तथा प्रभावित किसानों को बकाया राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दें। उन्होंने इस मामले की त्वरित और सकारात्मक प्रतिक्रिया की आशा करते हुए किसान हित में इस मुद्दे के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया है।

## नशा तस्करों पर शिकंजा कसा : ढांडा

संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के नौजवान नशे के जाल में न फंसे और नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संकल्प नामक प्राधिकरण बनाया जाएगा। हरियाणा नशा मुक्त बने, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता और संकल्प भी है। प्रदेश सरकार नशे की चुनौती से निपटने के लिए त्रिस्तरीय रणनीति पर कार्य कर रही है। पहला, ड्रग तस्करों पर कठोर कानूनी कार्यवाही कर रही है, दूसरा, समाज, विशेषकर युवाओं को ड्रग्स के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं एवं तीसरा, ड्रग्स के आदी व्यक्तियों के इलाज और पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

## आवास योजना के लाभार्थियों को भुगतान जल्द : सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान बनाने के लिए अब तक वेरीफाई किए गए लगभग 70,000 लाभार्थियों के खातों में 150 करोड़ रुपए की राशि आगामी 20 तारीख तक स्थानांतरित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक शीशपाल केहरवाल द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे ।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया है कि उद्यान विभाग हरियाणा के एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह में 01 एकड़ में तैयार आलू की फसल की नीलामी की जानी है। यह नीलामी दिनांक 20. 03.2025 को दोपहर 02 बजे उप-निदेशक उद्यान, रोहतक एवं इंचार्ज एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह की अध्यक्षता में की जाएगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क.सं. | फसल | किस्म | पैकिंग वजन |
|---|---|---|---|
| 01 | आलू | कुफरी मोहन | 50 Kg प्रति पैकिंग |

नियम व शर्तेः-
1. बोलीदाता को स्वंय सत्यापित आधार कार्ड की प्रति नीलामी से पहलें जमा करवानी होगी।
2. प्रत्येक बोलीदाता को रू0 5000/ धरोहर राशि के रूप में जमा करवानी होगी जोकि असफल बोलीदाता को वापिस कर दी जाएगी।
3. सफल बोलीदाता की धरोहर राशि देय राशि में समायोजित कर ली जाएगी।
4. बोली छोड़ने का अधिकार अध्यक्ष नीलामी कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. संबंधित नियम व अन्य शर्ते बोलीकर्ताओं को मोके पर बता दिए जाएंगे।
6. सफल बोलीदाता को 50 प्रतिशत राशि ऑनलाईन विभाग के खाते में दिनांक 20.03. 2025 को सांय 5 बजे तक जमा करवानी होगी तथा शेष राशि अदायगी दिनांक 21.03.2025 को दोपहर 12 बजे तक जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता द्वारा आलू के उठान का कार्य पूर्ण राशि जमा करवाने उपरान्त ही किया जाएगा।
7. आलू के उठान के दौरान सैन्टर पर किसी प्रकार के संरक्षित ढांचों व अन्य सामान को नुकसान नहीं पहुंचाया जाऐगा। यदि उनके वर्करों द्वारा ऐसा किया गया तो इसकी भरपाई ठेकेदार से की जाएगी।
8. सफल बोलीदाता को आलू 02 दिन के अन्दर अन्दर केन्द्र से उठाना होगा तथा आलू की क्वालिटी व वजन बोली के समय ठेकेदारों द्वारा चैक करने उपरान्त उसे वजन में अन्तिम रूप दिया जाएगा। इसके उपरान्त यदि वजन क्वालिटी खराब या कम होता है तो विभाग की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
9. अधिक जानकारी के लिए डॉ० नेहा यादव, परियोजना अधिकारी एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह को दूरभाष न० 9728714706 पर संपर्क करें।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह

पीआरडीएच 1149/11/790/2025/33023/88/6 दि. 19.03.2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए उपमण्डल कार्यालय, गन्नौर के प्रांगण में चाय की कैन्टीन कार पार्किंग/फोटोस्टेट मशीन/फ्रुट चाट के स्टाल ठेकों की नीलामी दिनांक 27.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर की अध्यक्षता में की जानी है। जिसमें नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार से होगीः-

1. बोली देने वाले व्यक्ति को अपने साथ अपना आधार कार्ड/पहचान-पत्र, पैन कार्ड तथा अपने बैंक खाते की पास बुक की सत्यापित प्रति जमा करवाकर चाय की कैन्टीन के बोलीदाता को 40,000/- रूपये, कार पार्किंग के बोलीदाता 35,000/- रूपये, फोटोस्टेट के बोली दाता को 13,000/- रूपये, फ्रुट चाट के बोली दाता को 7,000/- रूपये की राशि जमानत के तौर पर जमा करवाकर निलामी में भाग ले सकता है।
2. अधिकतम बोली देने वाले बोलदाता को कुल बोली की 25 प्रतिशत की राशि मौके पर तथा शेष बकाया राशि बोली के 15 दिन के अन्दर अन्दर जमा करवानी होगी। यदि वह इस राशि को जमा करवाने में असफल हो जाता है तो उसकी जमानत राशि जब्त करके द्वितीय बोलीदाता को ठेका अलाट करने बारे प्रक्रिया अमल में लाई जायेगी ।
3. पार्किंग फीस की वसूली के लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेवार होगा ।
4. नीलामी पार्किंग पुरानी तहसील व नये कॉम्पलैक्स के लिए होगी ।
5. फोटोस्टेट मशीन फुट चाट के स्टाल को पहले ही निर्धारित किये गए स्थान पर चलाना होगा, उसका किसी प्रकार का प्रसारण पूर्व अनुमति से ही हो सकेगा। स्टाल का निर्माण स्वयं ठेकेदार करवाएगा। ठेकेदार स्वयं ही कार्य करेगा, किसी अन्य व्यक्ति को स्थानांतरण/उपट्टे (Sublet) पर देने का अधिकार नहीं होगा तथा श्रम कानूनों की पूर्णताः पालना करनी होगी।
6. चाय की कैन्टीन में सभी वस्तुएं अच्छी क्वालिटी की रखनी होगी और उनकी दर अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक नहीं होगी। निर्धारित दरों की सूची दुकान के बाहर लगानी होगी ।
7. प्राकृतिक प्रकोप या किसी भी प्रकार से होने वाली हानि को ठेकेदार स्वयं वहन करेगा। इस बारे किसी भी प्रकार की छुट अथवा माफी नहीं होगी तथा कोई भी मुआवजा नहीं दिया जायेगा।
8. यह ठेका दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक मान्य होगा ।
9. उच्चतम बोली देने वाले को ईकरारनामा व जमानत नामा स्टाम्प पेपर पर देना होगा, यदि वह कागजात बोली स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर प्रस्तुत नहीं करेगा तो ठेका रद्द समझा जायेगा तथा उसकी जमा करवाई गई अग्रिम जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
10. यह है कि ठेका स्वीकृत होने पर स्वीकृति की तिथि से दिनांक 31.03.2026 को ठेकों की समाप्ति तक बिजली का बिल ठेकेदार स्वयं भरेगा ।
11. यह है कि उपरोक्त ठेको से संबंधित किसी भी शर्त की उल्लंघना करने पर उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर द्वारा उक्त ठेका रद्द कर दिया जायेगा ।
12. उक्त परिसर में स्थित किसी भी ठेकेदार द्वारा शर्तें की पालना न करने पर धरोहर राशि जब्त करने के लिए उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के आदेश मान्य होंगे ।
13. उपरोक्त ठेकों की अंतिम स्वीकृति व रद्द करने का अधिकार उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर का होगा।
14. उपमण्डल अधिकारी (ना०), गन्नौर के द्वारा ठेके को बिना कारण बताये रद्द कर सकते है, उनका निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा ।

हस्ता/- उपमण्डल अधिकारी (ना.)
गन्नौर ।

पीआरडीएच 1029/11/536/2025/33034/88/6 दि. 19.03.2025

## युवा मामलों व पर्यावरण संबंधी दो समितियों का होगा गठन



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा की विकास यात्रा में बुधवार को एक बड़े संसदीय सुधार ने दस्तक दी। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सामाजिक सुधारों में विधायिका की सहभागिता बढ़ाते हुए दो नई समितियों के गठन की घोषणा की है। इसके लिए जल्द संसदीय कार्य मंत्री की ओर से प्रस्ताव लाया जाएगा। बुधवार को प्रश्नकाल की कार्यवाही के बाद विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि विधायिका दो प्लेटफार्म सदन और समितियों के माध्यम से कार्य करती है। सदन के पास समय कम होता हैं, इसलिए विधानमंडल अपने अधिकतर कार्य अपनी समितियों के माध्यम से वर्षभर करते हैं। कल्याण ने कहा कि उन्होंने अनेक राज्यों की विधायिकाओं का दौरा किया है और कुछ का अध्ययन भी किया है।

# शंभू बॉर्डर से जेसीबी से हटाए गए शेड, ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

■ 13 माह से डटे किसानों को पुलिस ने खदेड़ा, आसपास का क्षेत्र सील

**अंबाला।** शंभू बॉर्डर पर 13 महीने से डटे किसानों को पुलिस ने खदेड़ दिया। विरोध करने वाले किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया। बॉर्डर से सभी किसानों को हटाने के बाद पुलिस ने उनके बनाए पक्के शैड़ों को जेसीबी से ढहा दिया। बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। साथ ही इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई ताकि किसानों को जमा होने का मौका न मिले। पुलिस देर रात तक शंभू बॉर्डर को खाली करने की कार्रवाई करती रही। हालांकि अभी अमृतसर-दिल्ली नेशनल हाइवे पर किसानों को रोकने के लिए पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेडिंग हटाने को लेकर कार्रवाई नहीं हुई। बताया जा रहा है कि शंभू बॉर्डर क्लीयर करने के बाद यातायात के लिए बैरिकेड्स भी हटा दिए जाएंगे।

## जल्द वाहनों के लिए खोला जाएगा

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई। शैड़ों को हटाने के लिए पुलिस ने कई जेसीबी मौके पर बुलाई। कार्रवाई का विरोध करने वाले किसानों को हिरासत में लिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी को भी मौके पर आने नहीं दिया गया। बॉर्डर को पूरी तरह से क्लीयर करने के बाद इसे जल्द ही वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मौके से दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां भी जब्त की। इन ट्रॉलियों को हाइवे से हटाने की कार्रवाई चल रही है।

## किसान संगठनों ने जड़े आरोप

शंभू बॉर्डर से किसानों को हटाने की कार्रवाई का अब किसान नेता विरोध कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने बातचीत के जरिए किसानों को पहले बुलाया फिर उन्हें गिरफ्तार करवा दिया। किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि सुनियोजित तरीके से सरकार ने शंभू बॉर्डर पर पुलिस बल को तैनात किया था। इसके बाद किसान नेताओं को गिरफ्तार करने के बाद बॉर्डर पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि किसान समय आने पर सरकार को इसका जवाब देंगे।कार्रवाई के लिए किसान सीधेतौर पर केंद्र सरकार के साथ पंजाब सरकार को भी जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-3, चण्डीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास (मकान नं. 1) में लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव + 13 अन्य कार्य। | 19.03.2025 25.03.2025 | 130.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में गांव गेहलब, गांव गुरकेसर और गांव कुंडल (ग्रुप-1) में जीवीडी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX) (बिना जीएसटी) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2025 | 459.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला पानीपत गांव इसराना में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (केवल ईएलवी सेवाएं का प्रावधान)। | 19.03.2025 08.04.2025 | 144.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल के लघु सचिवालय में ई-दिशा केन्द्र का निर्माण। (केवल भू-तल) (शेष ई.आई. सामग्री का प्रावधान)। | 19.03.2025 27.03.2025 | 7.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल में ज्यूडिशियल कोर्ट परिसर में 4 अदद 10 सवारियों वाली लिफ्टों को बदलना और अग्नि अलॉर्म प्रणाली को बदलना (केवल अग्नि अलॉर्म प्रणाली का प्रावधान) + 2 कार्य। | 19.03.2025 02.04.2025 | 257.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बालसमंद रोड की 4 लेनिंग का कार्य। (एमडीआर-107) हिसार बाईपास से गांव हिन्दवान मोड़ आरडी 3700 से 11000 (रोड आईडी 4873) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (केवल शिफ्टिंग और 2 अदद बैले ब्रिज की स्थापना / लॉचिंग) (साइज स्पैन 50 फुट प्रत्येक) बालसमंद डिस्ट्रीब्यूटरी पर। | 18.03.2025 24.03.2025 | 2.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225133 pwd-eemd-hissar@hry.nic.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | खरैंटी माइनर के आरडी 3800 से 5200 तक आरसीसी एनपी 3 800 मिमी डाया पाइप लाइन को बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2025 | 29.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | एसकेएफ / एफएजी / एआरबी / एनबीसी मेक के बेरिंग की आपूर्ति। हार्डवेयर मदों अर्थात एचटी कपलिंग बोल्ट्स और नट्स, एम्पायर टेप कॉपर थिम्बल इत्यादि की आपूर्ति। | 19.03.2025 04.04.2025 | 13.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmai.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | एमएसएमई के डायरेक्टरेट हरियाणा के आवश्यकतानुसार एक्सपोर्ट योजना हेतु ट्रेड संरचना के तहत क्वालिटी मार्किंग सेंटर फरीदाबाद की अपग्रेडेशन हेतु विभिन्न मशीनरियों की खरीद। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 55 मी. के टर्न टेबल लैडर प्लेटफार्म (वर्किंग हाइट) की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 70 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 55 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म के साथ रेस्कूलेडर की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 42 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म के साथ रेस्कूलेडर की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 90 मी. हाईट के एरियल लैडर प्लेटफार्म की आपूर्ति, डिलिवरी, माउंटिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, 2 वर्ष की क्षतिपूर्ति देनदारी अवधि रखरखाव सहित। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | कुरूक्षेत्र में कल्पना चावला मैमोरियल प्लेनेटेरियम हेतु प्रोजेक्शन प्रणाली, शोज और सहायक मदों की खरीद। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | डीएएसपीडब्ल्यूडी द्वारा वांछित मिट्टी और जल की सैम्पलों की टेस्टिंग हेतु 2 वर्ष की दर अनुबंध द्वारा कैमिकल रिफिलिंग कीट्स की आपूर्ति हेतु प्रबंधन। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | राजकीय बहुतकनीकियों में मैकेनिकल और वर्कशॉप कोर्सेज हेतु मशीनरी और उपकरणों (एम एंड ई) की खरीद। | 19.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | इन्द्री गांव मनहेड़ा पीएफ में पंचायती भूमि पर चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 18.03.2025 05.04.2025 | 69.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/360/33044/I/88/6 दि. 19.03.25

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






**3.27** बजे सुबह फ्लोरिडा के तट पर लैंडिंग

**1650** डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान

**07** मिनट तक रहा पूरी तरह कम्युनिकेशन ब्लैक आउट

**2008** में भारत सरकार ने पद्मभूषण से नवाजा



बुच विल्मोर | अलेक्सांद्र गोरबुनोव | निक हेग | सुनीता विलियम्स



### स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में 17 घंटे लगे

ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08:35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट आईएसएस से अलग हुआ।

●

19 मार्च को रात 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया। इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और सुबह 3:27 बजे लैंडिंग।

# 9 महीने व 14 दिन बाद पृथ्वी पर सकुशल लौटीं सुनीता विलियम्स



***विल्मोर व विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और यान के उतरने के समय तक कुल 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की।***

**केप केनवेरल (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है।

*(पेज 8 भी देखें)*



### पैतृक गांव में जश्न

**मेहसाणा।** सुनीता के धरती पर लौटने पर गुजरात के मेहसाणा जिले में उनके पैतृक गांव में जश्न का माहौल रहा। झूलासन के सभी लोग टेलीविजन पर इस घटना का सीधा प्रसारण देखने के लिए गांव के मंदिर में एकत्र हुए। यान जैसे ही उतरा, ग्रामीणों ने आतिशबाजी शुरू कर दी।

**लोकसभा ने दी बधाई :** संसद के निचले सदन लोकसभा में भी सुनीता की वापसी का मुद्दा उठा। सभी सदस्यों ने क्रू मेंबर की सफलतापूर्वक धरती पर वापसी के लिए बधाई दी।

### अटूट संकल्प को सलाम : राष्ट्रपति



राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "उनकी ऐतिहासिक यात्रा दृढ़ संकल्प, मिल-जुलकर काम करने की भावना और असाधारण साहस की कहानी है। मैं उनके अटूट संकल्प को सलाम करती हूं और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।" राष्ट्रपति ने कहा, "नासा के 'क्रू9' मिशन की धरती पर सुरक्षित वापसी को सफल बनाने वाली पूरी टीम को बधाई। भारत की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्षयात्रियों ने अपनी दृढ़ता, समर्पण और कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया है।"

### पृथ्वी ने आपको याद किया : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका अटूट दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "स्वागत है, क्रू9! पृथ्वी ने आपको याद किया।' मोदी ने कहा, "यह धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा।" उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखना है।

### इतिहास रच देने वाली भारतीय मूल की अंतरिक्षयात्री तीन बार आ चुकी भारत

- भारतवंशी सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष उड़ान थी। उन्होंने अंतरिक्ष में कुल 608 दिन बिताए हैं।
- पूर्व अमेरिकी नौसैन्य कप्तान विलियम्स (59) का जन्म 19 सितंबर 1965 को यूक्लिड, ओहियो में हुआ था।
- उनके पिता दीपक पांड्या गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन से ताल्लुक रखते हैं तथा मां मां उर्सुलाइन बोनी पांड्या स्लोवेनिया से हैं।
- अपनी बहु-सांस्कृतिक जड़ों पर गर्व करते हुए विलियम्स अपने साथ अंतरिक्ष में अपनी विरासत के प्रतीक ले जा चुकी हैं, जिनमें समोसे, स्लोवेनियाई ध्वज और भगवान गणेश की मूर्ति शामिल हैं।
- नौ दिसंबर 2006 को 'अंतरिक्ष शटल डिस्कवरी' पर सवार होकर अपने पहले मिशन पर रवाना हुईं और आईएसएस अभियान 14 और 15 में शामिल होकर 195 दिनों के लिए कक्षा में रहीं।
- विलियम्स 17 जुलाई 2012 को रूसी अंतरिक्ष यान सोयूज पर सवार होकर अंतरिक्ष स्टेशन पर चार महीने के प्रवास के बाद वापस 19 नवंबर को पृथ्वी पर लौट आईं।
- 16 अप्रैल 2007 को अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली व्यक्ति बनीं। उन्होंने ट्रेडमिल पर बोस्टन मैराथन चार घंटे और 24 मिनट में पूरी की।
- विलियम्स ने अंतरिक्ष मिशन के तुरंत बाद 2007 और 2013 सहित कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया है और उन्हें 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।




### पूर्व एसआई ने गोली मारकर आत्महत्या की

**झज्जर।** दिल्ली पुलिस के पूर्व सब इंस्पेक्टर ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मरने वाला नरेंद्र छिकारा (54) गांव बामडोली का रहने वाला है। गोली मारने से पहले उसने करीब 28 मिनट का वीडियो जारी किया। जिसमें उसने पत्नी, बेटा, ससुर, साढ़ू और दूसरी जाति में शादी करने वाली बेटी को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उसने कहा कि इन लोगों को उसकी डेडबॉडी पर हाथ भी न लगाने देना। ये प्रॉपर्टी हड़पना चाहते हैं। रिटायर्ड एसआई ने बच्चों के नाम उसने 60 पेज का सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें आत्महत्या के कारण गिनाए हैं। झज्जर पुलिस ने जांच के बाद डेडबॉडी को अस्पताल भिजवाया।

**सुसाइड नोट में पत्नी, बेटा ससुर, साढ़ू और बेटी को बताया मौत का जिम्मेदार**

13 महीने बाद शंभू-खनौरी बॉर्डर खाली करवाए, पुलिस ने तोड़े शेड

## किसान नेता पंधेर और जगजीत डल्लेवाल समेत 200 प्रदर्शनकारी हिरासत में लिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| अंबाला/चंडीगढ़

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के संयोजक सरवण सिंह पंधेर व जगजीत सिंह डल्लेवाल सहित 200 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके साथ ही 13 महीने बाद शंभू और खनौरी बॉर्डर खाली करवाए गए। केंद्र व किसानों के बीच सातवें दौर की बातचीत बेनतीजा होने के बाद बुधवार शाम को पुलिस ने कार्रवाई की। दोनों किसान नेताओं को हिरासत में लिए जाने के बाद शंभू बॉर्डर पर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर जमे किसानों को खदेड़ दिया। यहां किसानों के मंच को तोड़ दिया गया। बिजली बंद कर दी गई जबकि इंटरनेट सेवा भी ठप कर दी गई। किसानों की ओर से शंभू बॉर्डर पर बनाए गए कच्चे पक्के शेड़ों को तोड़ दिया है। अब हाईवे को पूरी तरह खाली करवा लिया जाएगा।

**इंटरनेट और बिजली सुविधा भी बंद, किसानों ने हाईवे पर ट्रेक्टर-ट्रॉलियां खड़ी की तो पुलिस ने खदेड़ा**



पुलिस ने जेसीबी की मदद से शेडों को हटाया।

### चार घंटे तक चली बातचीत बेनतीजा रही

शंभू व खनौरी बॉर्डर पर 13 महीने से आंदोलन कर रहे किसानों और केंद्र के बीच बुधवार को 7वें दौर की बातचीत हुई। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किसानों की मांगों पर चर्चा हुई। मीटिंग में किसान नेता सरवण सिंह पंधेर व जगजीत सिंह डल्लेवाल समेत 28 किसान नेता मौजूद रहे जबकि केंद्र सरकार की अगुवाई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी कर रहे थे। पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा वार्ता में शामिल हुए। चार घंटे तक चली बातचीत के बाद किसानों व केंद्र सरकार के बीच मांगों को लेकर सहमति नहीं बन पाई।

**वापस लौटते समय कार्रवाई :** बैठक के बाद जब किसान नेता शंभू और खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इनमें मुख्य तौर पर किसान आंदोलन की अगुवाई कर रहे सरवण पंधेर और जगजीत डल्लेवाल शामिल हैं। पुलिस ने पंधेर को मोहाली के एयरपोर्ट रोड से तो डल्लेवाल को संगरूर के पास हिरासत में लिया गया। तब वे एंबुलेंस में सवार होकर खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे। पता चला है कि किसानों को पटियाला के कमांडो सेंटर में ले जाया गया है। किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़, मनजीत राय व ओंकार सिंह को भी हिरासत में लिए जाने की बात कही गई है। केंद्र सरकार ने किसानों से शंभू व खनौरी बॉर्डर से हटने की अपील की थी लेकिन किसानों ने इससे इनकार कर दिया तो कार्रवाई की गई।





**नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें.** आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ. **बिक्री समापन से पूर्व अधिक जानकारी या जोखिम घटकों, नियम और शर्तों के लिए बिक्री पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े.**


राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत तैयार किया जाएगा, आसान और प्रभावी बनाने पर जोर

## हरियाणा बोर्ड का 9वीं से 12वीं तक का बदल सकता है सिलेबस

***अध्यापक और विद्यार्थियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के पाठ्यक्रम में बदलाव हो सकता है। बोर्ड ने प्रश्न-पत्र डिजाइन, सैंपल प्रश्न-पत्र और मूल्यांकन योजना को तैयार करने का काम तेज कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि इस काम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप किया जा रहा है। बोर्ड कार्यालय में बुधवार को सामाजिक विज्ञान, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, सैनिक विज्ञान और भूगोल के विषय विशेषज्ञों की एक कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम को बेहतर और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए विषय विशेषज्ञों से सुझाव लिए गए हैं, ताकि अध्यापक और विद्यार्थी के बीच बेहतर तालमेल बने और पढ़ाई को अधिक सरल व प्रभावशाली बनाया जा सके।




### बौद्धिक क्षमता के अनुसार पढ़ाई कराने पर जोर

बोर्ड अध्यक्ष ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के अनुरूप पाठ योजना बनाएं, जिससे वे तर्कशील बनें और विषयों को आसानी से समझ सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी इस बात पर जोर दिया गया है कि शिक्षा सिर्फ रटने तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चों में सोचने और समझने की क्षमता विकसित करे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम बढ़ाए हैं कि विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और पठन-पाठन की प्रक्रिया को ज्यादा तर्कसंगत और सरल बनाया जाए।

# तोशाम के जवान विक्रम सिंह को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

## जम्मू में ड्यूटी के दौरान लगी थी गोली, बीएसएफ ने सलामी दी, 1999 में बीएसएफ में भर्ती हुए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गांव दांगकलां में बुधवार को बीएसएफ के जवान विक्रम सिंह पुत्र सुरेशचंद को हजारों ग्रामीणों, बीएसएफ की टुकड़ी, प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने नम आखों अंतिम विदाई दी। जवान विक्रम सिंह की अंत्येष्टि में बीएसएफ की टुकड़ी ने गन झुकाकर स्लामी दी। बीएसएफ के जवान विक्रम सिंह 54 बटालियन में वर्ष 1999 में भर्ती हुए थे, जिन्होंने 18 मार्च 11 बजे अंतिम सांस ली।

### परिजनों को तिरंगा सौंपते हुए बीएसएफ के जवान



तोशाम। बीएसएफ के जवान विक्रम सिंह की अंत्येष्टि के बाद उनके परिजनों को तिरंगा सौंपते बीएसएफ अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### विक्रम सिंह जम्मू में तैनात थे

45 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र सुरेशचंद निवासी दांगकलां के एक बेटा व एक बेटी है, जिसमें लड़का डी ग्रुप में भर्ती है और लड़की पढ़ाई कर रही है। विक्रम सिंह हाल ही में जम्मू में तैनात थे। बीएसएफ की टुकड़ी में हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने सलामी दी। इस मौके पर डीएसपी दिलीप सिंह व नायब तहसीलदार संजय शर्मा सहित बीएसएफ मौजूद रहे।

### तीन भाइयों में थे सबसे बड़े

गांव दांगकलां के सरपंच प्रतिनिधि परमजीत यादव ने बताया कि विक्रम सिंह तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। वहीं करीब ढाई-तीन महीने पहले ही छुट्टी काटकर ड्यूटी पर गया था। वहीं अब उनकी शहादत की सूचना मिली है। इसके बाद पूरे गांव में गमगीन माहौल हैं। वहीं सभी ने नम आंखों से विक्रम सिंह को अंतिम विदाई दी।

▶▶ पानीपत में वारदात ▶▶ पहले पिटाई की, फिर मिट्टी का तेल छिड़का

# पहली पत्नी और उसके भाई के साथ मिलकर दूसरी पत्नी को जिंदा जलाया

- ससुरालियों से बोला- चाय बनाते समय आग लगने से जली
- सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें महिला का पति,उसकी पहली पत्नी और भाई मारपीट करते और मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगाते दिख रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में एक व्यक्ति ने अपनी दूसरी पत्नी के साथ मारपीट के बाद उसे जिंदा जला दिया। पति का उसकी पहली पत्नी और भाई ने भी साथ दिया। हादसा दिखाने के लिए उसने ससुरालवालों को बताया कि चाय बनाते समय आग लग गई। वारदात का खुलासा तब हुआ जब रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान पीड़िता ने अपनी बहन को आपबीती बताई। वहीं गत 16 मार्च को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। अब घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें महिला का पति,उसकी पहली पत्नी और भाई मारपीट करते और मिट्टी का तेलछिड़ककर आग लगाते दिख रहे हैं। मृतका की बहन की शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। चांदनी बाग थाना पुलिस को दी शिकायत में गोमती ने बताया कि वह कानपुर के रसूलाबाद की रहने वाली है। वे 3 बहनें थीं। जिसमें मंझली बहन गौर प्रिया थी। उसकी यूपी के हरदोई के जलापुर निवासी आकाश के साथ वर्ष 2022 में शादी हुई थी। आकाश और गौर प्रिया पिछले 2 महीने से पानीपत में रह रहे थे। दोनों यहां फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। गत 9 मार्च को आकाश ने सूचना दी कि तेरी बहन गौर प्रिया को फैक्ट्री के ऊपर बने कमरे में गैस सिलेंडर पर चाय बनाते हुए आग लग गई है। वह इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती है। जिसके बाद वह अपनी बहन से मिलने के लिए पीजीआई पहुंची।



पानीपत। पत्नी की हत्या करने का आरोपी पति पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि

### पत्नी का हत्यारोपी पति गिरफ्तार

थाना चांदनी बाग पुलिस ने पत्नी की तेल छिड़कर आग लगा हत्या करने के आरोपी पति को देर शाम धूप सिंह नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आकाशनिवासीजलापुर हरदोई यूपी हालकिरायेदार धूप सिंह नगर के रूप में हुई है। -प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप, थाना चांदनी बाग

### आकाश ने पत्नी के उपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी

9 मार्च की शाम को गौर प्रिया ने उसे बताया कि तुम्हारे जीजा आकाश ने पहली पत्नी सिक्की यूपी के कन्नौज की रहने वाली व अपने भाई रवि के साथ मिल कर उसे मारने की कोशिश की। आकाश ने उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। वहीं इलाज के दौरान 16 मार्च को गौर प्रिया की मौत हो गई। चांदनी बाग थाना के जांच अधिकारी विकास ने बताया कि मृतका की बहन की शिकायत के आधार पर पति, पति की पहली पत्नी और पति के भाई पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

## जींद में पति-जेठ को 10-10 साल की सजा

जींद । अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कीर्ति जैन की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में पति व जेठ को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।



अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव घीढ़ करनाल निवासी पूर्ण चंद ने शहर थाना पुलिस को 29 नवंबर 2021 को शिकातय देकर बताया था कि उसकी बेटी पूजा रामनगर निवासी अनिल के साथ विवाहित थी। शादी के बाद से ही अनिल परिवार के लोग पूजा पर दहेज को लेकर दबाव बनाए हुए थे। पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकने से मौत हो गई थी। ससुराल पक्ष का कहना था कि पूजा ने आत्महत्या की है। जबकि उन्होंने ससुरालीजनों पर पूजा की योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने की बात कही थी। मृतका के पिता घीड करनाल निवासी अशोक की शिकायत पर पति अनिल, जेठ योगेश पर केस दर्ज किया था।


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. भूमि महम की प्री कास्ट चारदिवारी का निर्माण। | 17.03.2025 26.03.2025 | प्रति इकाई के अनुसार | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33041/I/88/6 दि. 19.03.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक के विश्वविद्यालय डाटा सेंटर में तीन आउटडोर फैन्स को बदलने सहित प्रसीजन एयर कंडीशनर्स की मरम्मत। | 15.03.2025 09.04.2025 | 8000/- | https://mdu.ac.in | 01262-293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक के डाटा सेंटर कैम्पस में स्थापित स्टोरेज एनईटीएपीपी 8040बी-एक्स318ए-आर6 हेतु 8 एचडीडीएस (8 टीबी, 7200 आरपीएम, 3.5 इंच की आपूर्ति)। | 15.03.2025 11.04.2025 | 5000/- | https://mdu.ac.in | 01262-293035 dir.ucc@mdu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33040/I/88/6 दि. 19.03.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 12 में 8 मरला डबल स्टोरी में पुरानी सीवर लाइन को बदलने हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.03.2025 | 77.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में एलईडी स्ट्रीट लाइट और पार्क लाइट का रखरखाव और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 26.03.2025 | 36.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ajaynirala45@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33038/I/88/6 दि. 19.03.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 8 किशनपुरा गली में विभिन्न गलियों का निर्माण। | 17.03.2025 24.03.2025 | 38.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33011/I/88/6 दि. 19.03.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाउसिंग बोर्ड हरियाणा | हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-1, तरावड़ी जिला करनाल में 273 अदद (तीन मंजिला) बीपीएल हेतु फ्लैट्स के शेष कार्य का निर्माण आंतरिक पीएच और ई.आई. सर्विस सेवाओं सहित (कार्य मै. टाइकून कंस्ट्रक्शन कम्पनी की लागत और जोखिम पर निष्पादित किया जाएगा)। | 19.03.2025 01.04.2025 | 3.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9728059333 xenhbhkarnal1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/33008/I/88/6 दि. 19.03.25


## खबर संक्षेप



### हरियाणा केंद्रीय विवि में एलुमनी मीट 22 को

महेंद्रगढ़। गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में 22 मार्च को एलुमनी मीट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हकेवि में अध्ययन कर चुके पूर्व विद्यार्थी प्रतिभागिता करेंगे। एलुमनी मीट में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार उपस्थित रहेंगे। विवि के पूर्व छात्र एसोसिएशन के अधिष्ठाता प्रो. हरीश कुमार ने बताया कि 22 मार्च को आयोजित होने वाले एलुमनी मीट में हरियाणा केंद्रीय विवि में अध्ययन कर चुके विद्यार्थी व शोधार्थी प्रतिभागिता करेंगे।

*सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक मुक्त विद्यालय एवं डीएलएड की हुई परीक्षा*

# परीक्षा में नकल के आठ केस दर्ज, केन्द्र अधीक्षक और चार पर्यवेक्षक ड्यूटी के कार्यभार से मुक्त

- बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने नीमड़ीवाल के राजकीय वमा विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित सेकेंडरी (शैक्षिक) की राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क एवं सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) की संस्कृत/उर्दू/जैव प्रौद्योगिकी एवं डीएलएड (रि-अपीयर/मर्सी चांस) की प्रोफिसिंसी एंड पेडागोजी ऑफ साइंस एजुकेशन विषय की परीक्षा में आठ अनुचित साधन के मामले दर्ज किए गए। इसके लेकर एक केन्द्र अधीक्षक व चार पर्यवेक्षक ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किए गए। बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उनके स्वयं के उड़नदस्ते ने जिले के नीमड़ीवाली राजकीय वमा विद्यालय परीक्षा केन्द्र तथा चरखी-दादरी के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां परीक्षा शान्तिपूर्वक संचालित हो रही थी। उन्होंने बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश कुमार के उड़नदस्ते द्वारा जिला-रोहतक के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर छापेमारी की तथा अनुचित साधन प्रयोग के सात केस दर्ज किए, जिसमें परीक्षा केन्द्र रावमावि खिड़वाली में पांच एवं राकवमा विद्यालय मदीना में दो अनुचित साधन प्रयोग के मामले शामिल हैं। बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि उनके उड़नदस्तें ने जिला चरखी दादरी व भिवानी के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा केन्द्र रावमा विद्यालय सारंगपुर (चरखी दादरी)पर नियुक्त पर्यवेक्षक संजीत कुमार जेबीटी, रावमावि, अटेला खुर्द तथा नरेन्द्र सिंह, टीजीटी, कम्प्यूटर साईस, एनआरजे वमावि झोझूकलां को परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र पीएमश्री रावमा विद्यालय लेघां पर नियुक्त पर्यवेक्षक सुरेश टीजीटी, संस्कृत राकवमा विद्यालय जुईखुर्द व सोनिया पीजीटी संस्कृत, रावमाविद्यालय कैरू को सम्बन्धित विषय का अध्यापक/अध्यापिका होने के कारण परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त कर दिया।



भिवानी। नीमड़ीवाल के राजकीय वमा विद्यालय परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार। फोटो: हरिभूमि

*निराकार मंदिर महंत को सुरक्षा देंगे पांच गांवों के युवा, ड्यूटी लगाई*

# जींद में मंदिर के महंत को धमकी देकर मांगी पांच लाख रुपये की चौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खरकरामजी निराकार ज्योति मंदिर के मंहत सुखबीर दास को धमकी देकर लाखों रुपये की चौथ मांगने को लेकर बुधवार को पूर्व सरपंच बराह कलां राजाराम की अध्यक्षता में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत ने महंत की सुरक्षा में युवाओं की ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया। जो मंदिर के महंत को पुलिस के साथ सुरक्षा देंगे। पंचायत में साफ कहा कि वे मंदिर के महंत के साथ है। आरोपितों को पकडऩे के लिए पुलिस पर भी दबाव बनाया जाएगा। पंचायत में महंत सुखबीर दास ने बताया कि लगभग 20 दिन पहले बिटाना निवासी सचिन अपने लगभग डेढ़ दर्जन साथियों सहित निराकार मंदिर में आया था और रूपयों की सख्त जरूरत बताते हुए 20 लख रुपये देने की मांग की थी। जिस पर उसने रुपये न होने की बात कही थी। गत 13 मार्च को सचिन बिटाना ने उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल पर धमकी देकर 20 लाख रुपये की मांग की और न देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरा सहयोग कर रहा है और पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवा दी गई है। अधिकारी अपडेट लेते रहते हैं। गांव ईकस के पूर्व सरपंच व ढुल खाप प्रधान ने कहा कि महंत को घबराने की जरूरत नहीं है।

### मंदिर में पंचायत का आयोजन



जींद। पंचायत को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो: हरिभूमि


उत्तर रेलवे

जेम बिड संख्या - GEM/2025/B/6054013

जेम पोर्टल के माध्यम से बोलीदाताओं को आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति के ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा बोलीदाताओं को निम्नलिखित सर्विस कॉन्ट्रैक्ट के लिए आमंत्रित किया जाता है:-

| जेम बिड संख्या | संक्षिप्त विवरण | कॉन्ट्रैक्ट अवधि | बिड बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|
| GEM/2025/ B/6054013 | क्लीनिंग, सैनिटेशन & डिसइन्फेक्शन सर्विस | 01 वर्ष | 10 अप्रैल 2025 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी जेम वेबसाइट यानि www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 854/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय पुलिस अधीक्षक रोहतक (हरियाणा)
द्वितीय तल, लघु सचिवालय, रोहतक
फोन न.: 01262-228114, 247100
ई-मेल: sproh@hry.nic.in

आप सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26 मार्च 2025 बुधवार को पुलिस लाईन, रोहतक में टी/एसआई स्टोर के कंडम सामान की खुली बोली का आयोजन किया जाएगा। खुली बोली सुबह 10 बजे शुरू होगी। बोली में हिस्सा लेने वाले इच्छुक व्यक्ति मौके पर ही निर्धारित शुल्क जमा करवाकर बोली में हिस्सा ले सकता है। बोली में टी/एसआई स्टोर का कंडम सामान जैसे फर्नीचर, कूलर, पंखे, टेबल, कुर्सी व अन्य सामान होगा। बाकी नियम व शर्तें बोली से पहले मौके पर ही बताई जाएगी। सफल बोलीदाता को तय सीमा के अन्दर-2 शेष राशि भी जमा करवानी होगी।

हस्ता/-पुलिस अधीक्षक, रोहतक।

पीआरडीएच 1084/11/3203/2025/33021/88/6 दि. 19.03.2025

कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, नारनौल

पुन: अल्प ई-निविदा सूचना

रबी व खरीफ सीजन 2025-26 के लिए महेन्द्रगढ़ (नारनौल) जिले की सभी मण्डियों में स्टॉक एवं स्टॉक आर्टिकल्स के श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन कार्य हेतू सभी राजकीय खरीद संस्थाएं, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, हैफेड एवं हरियाणा वेयर हाउस के लिए श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन ठेकेदारों से ई-टैण्डरिंग प्रकिया के माध्यम से पुनः अल्प ई-निविदा आमंत्रित किए जाते हैं तथा ई-टैण्डर की नियम व शर्तें विभाग की वैबसाईट https://etenders.hry.nic.in & haryanafood.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उपरोक्त ई-टैण्डर निम्न अनुसार उपायुक्त महोदय नारनौल की अध्यक्षता में खोले जाएगें :-

| कार्य | ऑनलाईन टैंडर डालने की तिथि | ऑनलाईन टैण्डर डालने की समाप्ती तिथि | तकनीकि बोली खोलने का समय | फाईनेनशियल बोली खोलने का समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवहन | 20.03.2025 प्रातः 09:00 बजे से | 25.03.2025 प्रातः 9:00 बजे तक | 25.03.2025 प्रातः 11:00 बजे | 28.03.2025 दोपहर बजे 12:00 | कमरा नं0 311, तीसरी मंजिल, लघु सचिवालय नारनौल |
| श्रम एवं दुलाई | 20.03.2025 प्रातः 09:00 बजे से | 25.03.2025 प्रातः 9:00 बजे तक | 25.03.2025 प्रातः 11:00 बजे | 28.03.2025 दोपहर बजे 12:00 | |

हस्ता/- (कुशल पाल बूरा)
जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक, नारनौल
पीआरडीएच-1042/11/88/2025/33050/88/6 दि. 19.03.25
दूरभाष नं0-01282-251249

THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED
District Office Hafed, Jind Road Kaithal (HARYANA)
TEL: 01746-222626, E-Mail: dmhfdktl@hry.nic.in

HAFED

SHORT-TERM TENDER NOTICE FOR ENGAGEMENT OF EXPERIENCED LABOUR CONTRACTOR FIRMS/COMPANIES/COOPERATIVE SOCIETIES FOR LOADING/UNLOADING AND HANDLING OF FOOD GRAINS BELONGING TO FOOD CORPORATION OF INDIA IN GODOWNS STORAGE

The Haryana State Cooperative Supply and Marketing Federation Limited (HAFED) invites Centre-wise (having one or more godowns) e-tenders from reputed, financially sound and experienced labour contractor firms/ companies/ cooperative societies for loading/unloading and handling of food grains belonging to Food Corporation of India (FCI) and storage articles, etc. in godowns and CAP storage for two years. The tender document containing details of scope of work, eligibility criteria and other terms & conditions is available on portal https://etenders.hry.nic.in and Hafed's website www.hafed.gov.in. The period of downloading of tender document & bid submission starts from 20.03.2025 at 11.00 AM and ends at 02.00 PM on 25.03.2025 through e-Tender portal https://etenders.hry.nic.in. The technical bids will be opened on 25.03.2025 at 03.00 PM at District Office, Hafed Jind Road Kaithal in the presence of the bidders or their authorized representatives, who may wish to be present.

Hafed reserve the right to reject any/all bids without assigning any reason.

DISTRICT MANAGER
HAFED, KAITHAL

कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी

वर्ष 2025-26 के लिए श्रम एवं दुलाई तथा परिवहन अनुबंधों हेतु पुन: ई-निविदा सूचना

उपायुक्त, भिवानी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में निम्नलिखित तिथियों को वर्ष 2025-26 हेतु बवानी खेड़ा, बहल, भिवानी, चांग, धनाना, ढिगावा, जुई, लोहारू, सिवानी, तोशाम और खरक कलां मण्डियों के लिए परिवहन कार्य और श्रम एवं ढुलाई कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य | निविदा का आमंत्रण | निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना | वित्तीय बोलियों का खुलना और डीएलटीसी द्वारा निविदा को अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रम एवं ढुलाई | 19.03.2025 अप. 12.00 बजे | 24.03.2025 अप. 12.00 बजे | 24.03.2025 अप. 2.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |
| परिवहन | 19.03.2025 अप. 12.00 बजे | 24.03.2025 अप. 12.00 बजे | 24.03.2025 अप. 2.00 बजे | डीएलटीसी के निर्णय के अनुरूप | डीआरडीए हॉल, एडीसी कार्यालय भिवानी |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात https://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी / जिला भिवानी की अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के जिला प्रबंधक से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2025-26 हेतु रबी और खरीफ के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्यान्न, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- (अनिल कालरा)
पीआरडीएच-1042/11/86/2025/33001/88/6 दि. 19.03.25
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, भिवानी




# आईपीएल-18 : लखनऊ-बेंगलुरु दिल्ली व पंजाब को खिताब की आस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल-18 में खेल रही 10 में से छह टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस ट्रॉफी को जीतने का गौरव हासिल हो चुका है, लेकिन चार टीमें ऐसी हैं, जिन्हें अब तक खिताबी जीत नसीब नहीं हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अब तक आईपीएल नहीं जीता है। ये चारों टीमें इस बार नए भरोसे और नए कप्तान के दम पर पहली खिताबी जीत पर दांव लगाने उतर रही हैं। चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहीं। इन चार में से तीन टीमें ऐसी हैं जो आईपीएल के फाइनल में पहुंचकर खिताब से दूर रह गईं। इनमें आरसीबी तीन बार और दिल्ली-पंजाब की टीमें एक-एक बार फाइनल में पहुंची है। लखनऊ को फाइनल में भी प्रवेश नसीब नहीं हुआ है।



## बेंगलुरु को 'रजत से गोल्ड' का भरोसा

आरसीबी ने रजत पाटीदार के रूप में नया कप्तान चुना है। उन्होंने मेंटर के रूप में दिनेश कार्तिक को अपने साथ जोड़ा है, जबकि गेंदबाजी कोच की भूमिका ओमकार साल्वी निभाएंगे। कोचिंग की जिम्मेदारी एंडी फ्लावर के ही जिम्मे है। आरसीबी ने इस बार अपने तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड को जोड़ा है। दोनों पर उन्होंने 23.25 करोड़ की राशि खर्च की है। फिर विराट कोहली अपने कॅरिअर के अंतिम दौर में आरसीबी को पहला खिताब दिलाने में इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## सलमान, कैटरीना और माधुरी आईपीएल में मचाएंगे धमाल, इस बार 13 शहरों में होगी ओपनिंग सेरेमनी !

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का आगाज 22 मार्च को कोलकाता में होगा. जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा. पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले ओपनिंग सेरेमनी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। स्पोर्टस्टार के मुताबिक, इस बार टूर्नामेंट में सभी 13 वेन्यू पर 13 ओपनिंग सेरेमनी कराई जा सकती हैं। इस दौरान सलमान खान, वरुण धवन, कैटरीना कैफ, तृप्ति डिमरी, अनन्या पांडे, माधुरी दीक्षित, जान्हवी कपूर, अरिजीत सिंह और श्रद्धा कपूर जैसे बड़े स्टार धूम मचा सकते हैं। दिशा पटानी का नाम तय हो गया है।

### 8 शहरों में हुई थी ओपनिंग सेरेमनी

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना है। ऐसे में यहां ओपनिंग सेरेमनी में श्रेया घोषाल, करन औजला और दिशा पाटनी के आने की भी खबर है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब एक से ज्यादा आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी होने जा रही हैं। इससे पहले 2017 सीजन में सभी 8 शहरों में यह सेरेमनी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई टूर्नामेंट को एक नया टच देना चाहती है। इससे सभी शहरों में मौजूद लोग ओपनिंग सेरेमनी का आनंद ले पाएंगे। हर एक वेन्यू के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को प्रदर्शनी का मौका दिया जाएगा।

## अक्षर बदलेंगे दिल्ली की किस्मत

दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल के रूप में ऐसे ऑलराउंडर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी, जिसकी लोगों को कम उम्मीद थी। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को उन्होंने नया हेड कोच नियुक्त किया है।

### पंजाब ने अय्यर को दिया श्रेय

*पंजाब किंग्स ने केकेआर को बीते वर्ष विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी है। यही नहीं उन्होंने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए दिल्ली और मुंबई के पूर्व कोच रिकी पोंटिंग को हेड कोच बनाया है।*

विदेशी दौरे पर परिवार

# कोहली की निराशा के बाद भी नियम में नहीं होगा बदलाव



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 1-3 से करारी शिकस्त के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने के लिए नए नियम बनाए थे। इन नीतियों पर हाल ही में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि जब खिलाड़ी दौरे के दौरान खराब दौर से गुजर रहा होता है तो उस वक्त परिवार के सदस्य की भूमिका अहम हो जाती है।

अब इस मुद्दे पर बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया का बयान आया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने को लेकर बनाए गए नियम में कोई बदलाव नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत को मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने नए नीतियां बनाई थी। इसके तहत 45 दिन के दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य अधिकतम दो सप्ताह तक ही साथ रह सकते हैं। इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी अधिकतम एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। बीसीसीआई के इस नियम पर बात करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी के कार्यक्रम के दौरान कहा था कि, लोगों को यह समझाना बहुत कठिन है कि जब भी बाहर हो और आपके साथ कुछ अच्छा नहीं हो रहा है तो उस वक्त परिवार का साथ रहना कितना जरूरी है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस बात की समझ है कि यह किस हद तक प्रभाव डालता है।

### 'नहीं बदलेगी नीति' : बीसीसीआई

कोहली के इस बयान पर बात करते हुए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने क्रिकबज से कहा, इस समय मौजूदा नीति बरकरार रहेगी। क्योंकि यह राष्ट्र और हमारी संस्था बीसीसीआई दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीसीसीआई मानता है कि कुछ असंतोष या अलग-अलग राय हो सकती है, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। नीति सभी टीम सदस्यों - खिलाड़ियों, कोचों, प्रबंधकों, सहायक कर्मचारियों और इसमें शामिल सभी लोगों पर समान रूप से लागू होती है - और इसे सभी के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है।

# नोवाक जोकोविच के संघ ने टेनिस आयोजकों पर किया मुकदमा

**मियामी गार्डन्स।** पेशेवर टेनिस के प्रभारी समूहों को /"कार्टेल/" कहते हुए, नोवाक जोकोविच द्वारा सह-स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने न्यूयॉर्क में संघीय अदालत में महिला और पुरुष टूर्स, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और खेल की अखंडता एजेंसी के खिलाफ एक अविश्वास मुकदमा दायर किया। पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों के संघ ने इसमे कहा कि खेल का संचालन करने वाले संघठनों ने खिलाड़ियों के भुगतान और खेलने के हालात पर पूरा नियंत्रण कर लिया है। इसमें यह भी कहा गया कि उनकी व्यवस्था "राज्य और संघीय कानून का सरासर उल्लंघन" है जो "पेशेवर टेनिस की सामान्य बाजार की ताकतों से रक्षा करती है और पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों और अन्य उद्योग प्रतिभागियों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के उनके अधिकार से वंचित करती है। उन्होंने मामले की जूरी द्वारा सुनवाई की मांग की और कहा कि खिलाड़ियों की कमाई बढ़नी चाहिए क्योंकि चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों (विम्बलडन, अमेरिकी ओपन, फ्रेंच ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन) और अन्य पेशेवर टूर्नामेंटों का संचालन करने वाली ईकाइयों ने पुरस्कार राशि की सीमा तय कर रखी है और कोर्ट से इतर भी खिलाड़ियों की कमाने की क्षमता पर उनका नियंत्रण है।

## अभिषेक-वरुण टी20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर बरकरार

**दुबई।** भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा। हार्दिक पंड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजी सूची की अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है। जहां तक भारतीय खिलाड़ियों का संबंध है तो उनके स्थान में बदलाव नहीं हुआ है ।



## वाणिज्य सचिव बर्थवाल ने सीआईआई के सम्मेलन में कहा

# भारत शीघ्र परिणाम के लिए एफटीए में मुख्य व्यापार मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बुधवार को कहा कि भारत प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में आयात शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं जैसे प्रमुख व्यापार मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है ताकि इन वार्ताओं के परिणाम तेजी से हासिल किए जा सकें।

सचिव ने कहा कि यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, क्योंकि कभी-कभी इन समझौतों के लिए बातचीत पूरी होने में 'काफी समय' लग जाता है और इसके कारण व्यवसायों की रुचि खत्म हो जाती है।

### लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई व्यापार सम्मेलन

बर्थवाल ने यहां सीआईआई के भारत-एलएसी (लैटिन अमेरिका व कैरेबियाई) व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा, "...अनुभव यह रहा है कि कभी-कभी मुक्त व्यापार समझौतों में इतना अधिक समय लगता हैं कि लोगों की रुचि खत्म हो जाती है, व्यवसायों की रुचि खत्म हो जाती है।

**आयात शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं जैसे व्यापार पर ध्यान दे रहा**

**ध्यान देने का कारण वार्ताओं के परिणाम तेजी से हासिल किए जा सके**

**लंबे समय के कारण व्यवसायों की रूचि खत्म हो जाती है**

### भारत, ब्राजील, चिली व पेरू से बातचीत कर रहा

भारत..मर्कोसुर (अर्जेंटीना, ब्राजील, पैराग्वे तथा उरुग्वे), चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, " हम इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि इस (एलएसी) क्षेत्र में आने वाली बाधाओं से कैसे निपटा जाए, चाहे वह गैर-शुल्क बाधाएं हों, शुल्क बाधाएं हों या नियमन हों...।"

*एलएसी क्षेत्र का आयात 1800 अरब अमेरिकी डॉलर : बर्थवाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में दोतरफा वाणिज्य को 50 अरब डॉलर से दोगुना करके 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है। सचिव ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। एलएसी क्षेत्र का आयात 1800 अरब अमेरिकी डॉलर है और वस्तुओं व सेवाओं का निर्यात करीब 1.8 अरब अमेरिकी डॉलर है।*




### वार्ताओं से कुछ नतीजे निकलेंगे

वाणिज्य सचिव ने कहा, " इसलिए हम वाणिज्य विभाग में भी इनमें से कुछ मुद्दों की समीक्षा कर रहे हैं, साथ ही हम अपने भागीदारों से बात कर रहे हैं जो हमारे साथ एफटीए कर रहे हैं कि हम पहले मुख्य व्यापार मुद्दों पर क्यों नहीं विचार कर सकते हैं। भले ही यह शुरुआती या पहला चरण हो, लेकिन इन वार्ताओं से कुछ न कुछ नतीजा तो निकलना ही चाहिए। इसलिए हम यह दृष्टिकोण अपना रहे हैं कि हम पहले मुख्य व्यापार मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें।"

### एसपीएस में बाधाएं है

सचिव ने कहा कि मुख्य व्यापार मुद्दे शुल्क, गैर-शुल्क बाधाएं, एसपीएस (सैनिटरी व फाइटो-सैनिटरी) बाधाएं और नियामक कारक हैं। उन्होंने कहा कि भारत और एलएसी क्षेत्र को इस दृष्टिकोण का पालन करने की आवश्यकता है।

**परिणाम बहुत तेजी से हासिल होंगे** : बर्थवाल ने कहा, " प्रमुख व्यापार मुद्दों पर विचार करें और उस दिशा में काम करना शुरू करें। मुझे लगता है कि यह आगे बढ़ने का एक बेहतरीन तरीका होगा, जिससे हम कई चीजें हासिल कर पाएंगे और व्यवसाय यह देख पाएंगे कि परिणाम बहुत तेजी से हासिल हो रहे हैं।"

## सोने में 700 और चांदी में 1000 रुपये का उछाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। सराफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये के उछाल के साथ 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 700 बढ़कर 91,500 प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। चांदी की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि मंगलवार को भाव 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

**NOTICE**

I, Jitender S/o Sh Udmi Ram R/o Prithipura , P. O. Tajpur, Distt-Mahenderagarh, declare that I have changed my name from Jitender to Jitender Baghotia for all future purposes.

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Ravleen Kaur**
Civil Judge (Junior Division), Rohtak
**Naresh S/o Singh Ram**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRRH02-001448-2024
Next Date : 28.05.2025
Relief which is deemed just and proper be granted to the plaintiffs.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **28.05.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 18.03.2025

**सूचना**

**खण्ड लाखनमाजरा के ग्रामीण क्षेत्रों में सफाईकर्मी लगाये जाने बारे आवेदन निमंत्रित करना।**

खण्ड लाखनमाजरा की ग्राम पंचायत टिटौली (3), घरौठी (1) तथा इन्द्रगढ(2) में सफाई कर्मी लगाने बारे मु० 16000/-रूपये मासिक मानदेय पर दिनांक 19.03.2025 से व्यक्तिगत आवेदन पत्र आवेदक के नाम, पिता/पति के नाम, उम्र, रिहायशी पते, तथा शैक्षणिक योग्यता, यदि कोई हों, सहित दिनांक 04.04.2025 सांय 5-00 बजे तक कार्य दिवस दौरान सम्बन्धित ग्राम पंचायत या खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, लाखनमाजरा के कार्यालय में साधारण कागज पर जमा करवाये जा सकते हैं। जिसके लिए आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष तक है। चयन हेतु साक्षात्कार 15.04.2025 को प्रातः 11-00 बजे खण्ड कार्यालय, लाखनमाजरा में होगा। इसके लिए अलग से सूचना एवं पत्र नहीं भेजे जायेगें।

**हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, लाखनमाजरा।**

MUNICIPAL COMMITTE, KALANAUR — नगरपालिका कलानौर
E-mail id-secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in — OFF TEL. NO. 01258-299022, 299422

**सार्वजनिक सूचना/मुनादी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलानौर अपनी बकाया कृषि योग्य भूमि के शेष बचे पट्टों को आगामी वर्ष 2025-26 व 2026-27 (02 वर्ष) के लिए पट्टे पर खुली बोली द्वारा देना चाहती है। इसके लिए दिनांक 03.04.2025 को प्रातः 11 बजे का समय निर्धारित किया गया है। पट्टे पर दी जाने वाली भूमि/किला/खसरा नं०/रकबा व बाकी शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका कलानौर कार्यालय में आकर देखी जा सकती है, जो भी व्यक्ति भूमि को पट्टे पर लेने का इच्छुक हो, निश्चित तिथि व समय पर नगरपालिका कलानौर के कार्यालय में उपस्थित होकर मौके का लाभ उठाए।

**हस्ता/-सचिव**
**नगरपालिका कलानौर**

पीआरडीएच-1078/11/650/2025/33049/C/88/6 दि. 19.03.2025



## राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ें : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों और चर्चा पर जवाब दिया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय रेल की प्रगति को रेखांकित करते हुए नियमितता, रोजगार, सुरक्षा, निर्यात और इंफ्रा डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार देने में भी रेलवे सबसे आगे है। बुलेट ट्रेन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें देश को आगे ले जाना है। बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाए जा रहे हैं। रेल मंत्री ने नॉर्थ ईस्ट में रेलवे प्रोजेक्ट्स में अभूतपूर्व प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि सिक्किम में सेवक से रंगपो तक रेल प्रोजेक्ट पहुंच रहा है, असम में नए काम शुरू हुए हैं और त्रिपुरा में आजादी के बाद पहली बार ब्रॉड गेज लाइन शुरू हुई है। केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास हेतु ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए सभी से राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## आकाश डिजिटल ने जेईई व नीट की परीक्षा तैयारियों में स्थापित किये नए कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) अब उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग अब परीक्षा तैयारियों में बाधाओं को तोड़ पहले से कहीं अधिक सुलभ, किफायती, लचीला और परिणाम केंद्रित बना कर इस क्षेत्र में नई राहें बना रहा है। आकाश 2.0 रणनीतिक योजना के तहत, एईएसएल और अपने डिजिटल प्रयासों को और मजबूत करते हुए ऑनलाइन स्पेस में एक नई और अनोखी सेवा पेश कर रहा है। आकाश के सभी उत्पादों को डिजिटल स्पेस में एक ही मंच पर एकीकृत किया गया है - आकाश डिजिटल 2.0 एक परिवर्तनकारी ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफ़ॉर्म है, जो एआई - पॉवर्ड, इंटरएक्टिव और परिणाम-केंद्रित कोचिंग प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म नीट, जेईई और ओलंपियाड की तैयारी करने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता, किफायती और प्रभावी शिक्षा का अनुभव देता है। एआई - पॉवर्ड इनसाइट , इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स और विशेषज्ञ मेंटरशिप का लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि भारतभर के छात्र अपने घरों से ही शीर्ष-स्तरीय कोचिंग प्राप्त करें। आकाश डिजिटल 2.0 का बीटा संस्करण एक साल पहले लॉन्च किया गया था

## विदेशी निवेशकों की खरीदारी के बीच बाजार में तीसरे दिन तेजी

**मुंबई (एजेंसी)।** लंबे अंतराल के बाद विदेशी निवेशकों की खरीदारी के बीच दिग्गज कंपनियों एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में जबर्दस्त लिवाली आने से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से निवेशकों की कारोबारी धारणा पर थोड़ा प्रतिकूल असर देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 147.79 अंक चढ़कर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 73.30 अंक बढ़कर 22,907.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, जोमैटो, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी, इन्फोसिस, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक और नेस्ले के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार ने अपनी सकारात्मक गति जारी रखी।

- **सेंसेक्स 148 अंक और निफ्टी 73 अंक चढ़ा**

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Ravleen Kaur**
Civil Judge (Junior Division), Rohtak
**Canara Bank through Branch Manager**
**Vs.**
**Yashpal S/o sh. Satnarain**
CNR No. HRRH02-002235-2019
Next Date : 23.05.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Yashpal S/o Sh. Satnarain**
**240, SEC1, Rohtak**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.05.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 18.03.2025

**आवास बोर्ड हरियाणा बहादुरगढ़**
**सार्वजनिक सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि श्री गौतम कुमार पुत्र श्री बनवारी लाल ने अपने फ्लैट नंबर D-21/SF आवास बोर्ड कालोनी, सैक्टर-7, झज्जर को श्री ओम प्रकाश पुत्र चरण सिंह निवासी तुम्बाहेरी, झज्जर के नाम हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है यदि किसी भी व्यक्ति को इस हस्तांतरण संबंधी किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज करा सकता है। यदि इस अवधि के दौरान इस कार्यालय में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो उपरोक्त फ्लैट की हस्तांतरण की स्वीकृति, प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री चरण सिंह निवासी तुम्बाहेरी, झज्जर के नाम प्रदान कर दी जाएगी और इसके बाद इस ट्रांसफर के संबंध में कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

**हस्ता/-सम्पदा प्रबंधक**
**आवास बोर्ड हरियाणा,**
**बहादुरगढ़**

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Nisha**
Additional Civil Judge (Senior Division), Rohtak
**Suresh Kumar wife of Randhir Singh**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRRH02-000274-2025
Next Date : 21.05.2025
CIS NO. SUCC/10/2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**India**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.05.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Rohtak
Dated, this day of 12.03.2025

**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**
District Office- Hafed, Jind Road, Kaithal (Haryana).
TEL: (01746)- 222626, E-mail: dmhfdktl@hry.nic.in

**AUCTION NOTICE:**

An open auction for the sale of Tat & Pati, damaged bardana, damaged stock articles and damaged furniture & fixture lying at different locations of Hafed and CMS in the District Kaithal will be held on 24.03.2025 at 12:00PM in the office of the undersigned in the presence of the committee members consisting of concerned Centre Incharge, Asstt(WH), SO(A/Cs) and District Manager and will be finalized at 12:30PM on the same day on "AS IS WHERE IS BASIS". The centre wise detail of damaged items is given below:

| Sr.No. | Name of items | Kaithal | Cheeka | Dhand | Pundri | Kalayat | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Bardana HDPE (Damaged) | 7858 | 5551 | 1586 | 40 | 435 | 15470 |
| 2. | Bardana Jute (Damaged) | 53425 | 24699 | 20986 | 7612 | 470 | 107192 |
| 3. | A-Twill Damage | 239 | - | - | - | - | 239 |
| 4. | New Damage | - | - | - | 425 | - | 425 |
| 5. | Wooden Crates (Damaged) | 3263 | 4112 | 3925 | 735 | 2286 | 14321 |
| 6. | Moisture Meter | - | - | 4 | - | - | 4 |
| 7. | Foot Spray Pump | - | - | 2 | - | - | 2 |
| 8. | Spray Pump | - | - | 2 | - | - | 2 |
| 9. | Wooden Table | 4 | - | - | - | - | 4 |
| 10. | Table | 2 | - | 2 | - | - | 4 |
| 11. | Chair | 30 | 3 | - | 4 | - | 37 |
| 12. | Locks | 5 | - | - | - | - | 5 |
| 13. | Folding Bags | 2 | - | - | - | - | 2 |
| 14. | Ceiling Fan | 5 | 1 | - | - | - | 6 |
| 15. | Almira | 2 | - | - | - | - | 2 |
| 16. | Electronic Scale | 1 | - | 2 | - | - | 3 |
| 17. | Sofa Set | - | - | - | - | - | 1 |
| 18. | Iron Stair | 2 | - | - | - | - | 2 |
| 19. | Pedestal Fan | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 20. | Telephone Set | 3 | - | - | - | - | 3 |
| 21. | Jahrna(Shiv set) | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 22. | Portable Balance | - | - | 4 | - | - | 4 |
| 23. | Exhaust Fan | 2 | - | - | - | - | 2 |
| 24. | Sample Divider | 2 | - | - | - | - | 2 |
| 25. | Net | 130 | 20 | 47 | 137 | 50 | 384 |
| 26. | Nylon Rope | - | 4.94 Kg. | 160 Kg. | 200 Kg. | 250 Kg. | 614.94 Kg. |
| 27. | Wooden Structure | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 28. | Heat Convertor | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 29. | Fire Fighting | 15 | - | - | - | - | 15 |

**Terms and Conditions:**

1. The reserve price of Wooden Crates is Rs. 4.50/- per Kg. and the rate should be quoted in per Kg. centre wise or for all centres.
2. The reserve price of Jute Bardana is Rs. 3 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
3. The reserve price of HDPE Bardana is Rs. 2 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
4. The reserve price of Nets is Rs. 2.00/- per Kg and the rate should be quoted in per Kg centre wise or for all centres.
5. The reserve price of Rope is Rs. 20.00/- per Kg and the rate should be quoted in per Kg centre wise or for all centres.
6. The parties interested to participate in the auction will have to deposit an earnest money of Rs. 50000/-(Fifty Thousand only). The payment for earnest money can be made online directly through RTGS/NEFT or OTC. Please refer to "Online Payment Guidelines" available at the single E-Procurement Portal of GOH(Govt. of Haryana).
7. Rates should be offered per piece in respect of bardana and stock articles.
8. Successful bidder will be required to deposit 25% amount of the total cost of the material as security in addition to earnest money failing which EMD will be forfeited.
9. The material auctioned shall be lifted by the successful bidder within 30days after the of sale letter. After that penalty@1% of the value per week or part thereof. Extension in period will be given in extra ordinary circumstances.
10. GST as applicable shall be charged extra on the material from the purchaser.
11. All the labour charges/carriage/cartage etc will be borne by the purchaser itself.
12. The quality of items can be increased or decreased.
13. Weighment charges will be borne by party.
14. Earnest money of the unsuccessful bidder/tender will be released after finalization of Auction as per rules and regulations.
15. Hafed reserve the right to accept or reject any bid/auction without assigning any reason.
16. In case of any dispute the decision of the D.M., Kaithal will be final.

**District Manager**
**Hafed Kaithal**

## रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 86.44 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपये में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 86.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती ने रुपये में तेज बढ़त पर अंकुश लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 86.60 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 86.68 के दिन के निचले स्तर को छू गया।

**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**
**दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।**
**हमराज़ क्लीनिक**
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नही होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5810




**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5809 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |



हरियाणा सरकार



"कृषि हो या ग्रामीण विकास, इन्वेस्टमेंट हो या इंफ्रास्ट्रक्चर- हमारी सरकार ने बजट के जरिए चौतरफा विकास को एक नई गति देने का प्रयास किया है।"
- नरेन्द्र मोदी

# कृषि क्षेत्र को समर्पित हरियाणा का समावेशी बजट (2025-26)

## किसान हितैषी एवं कृषि प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब

## किसान हित में दूरदर्शी नीतियां

- प्राकृतिक खेती भूमि का लक्ष्य 25 हजार एकड़ से बढ़ाकर 1 लाख एकड़
- 2 एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को मिलने वाला योजना का लाभ अब एक एकड़ पर
- देसी गाय खरीदने पर अनुदान राशि 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये
- धान की सीधी बुआई पर अनुदान राशि 4000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 4500 रुपये प्रति एकड़
- धान की पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को अनुदान राशि 1000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति एकड़
- मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत धान की खेती छोड़ने वाले किसानों को अनुदान राशि 7000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति एकड़
- लवणीय/नमकीन भूमि पुनर्जीवित करने का लक्ष्य 62,000 एकड़ से बढ़ाकर 1 लाख एकड़

नॉनस्टॉप काम
टॉप परिणाम

ट्रिपल इंजन सरकार,
तिगुनी रफ्तार!



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## चिंतन

# सुनीता व विल्मोर की वापसी स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ माह अंतरिक्ष में रहने के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौट कर नया कीर्तिमान रच दिया है। यह स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि है। भारतीय मूल की वैज्ञानिक कल्पना चावला इतनी खुशनसीब नहीं थीं, वापसी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। विलियम्स यूं तो पहले भी दो बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जा चुकी हैं लेकिन शायद ही उन्होंने यह कल्पना की होगी कि तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के बाद उन्हें वापसी के लिए लंबा इंतजार करना होगा और यह घटना इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। इससे पहले विलियम्स 16 अप्रैल 2007 को अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली व महिला बनीं। वह 2012 में अपनी दूसरी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का नेतृत्व करने वाली एकमात्र दूसरी महिला बनीं। विलियम्स ने अपने अंतरिक्ष मिशन के तुरंत बाद 2007 और 2013 सहित कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया है और उन्हें 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस बार सुनीता ने अंतरिक्ष में मानवीय जीवटता और दृढ़ता का इतिहास फिर से लिख दिया है। सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह नासा, 'स्पेसएक्स' तथा अंतरिक्ष अभियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत के पास अपने अंतरिक्ष अभियान में विलियम्स की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का अवसर मिल सकता है। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 'स्पेसएक्स' यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने के कुछ ही घंटों बाद इसे फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतारा गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दोनों अंतरिक्ष यात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उनके एक सप्ताह बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा को अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लाना पड़ा और अंतरिक्ष यात्रियों की घर वापसी में देरी हुई। रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन में अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के पहुंचने से स्पष्ट हो गया था कि अब विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ है। दोनों नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ वापस लौटे हैं। विल्मोर और विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और 'स्प्लैशडाउन' (यान के उतरने) के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की। विल्मोर और विलियम्स के अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसने के बाद दुनिया का ध्यान उनकी ओर गया और 'स्टक एट वर्क' शब्द गढ़ा गया तथा उन्हें 'बुच और सुनी' जैसे नामों से बुलाया जाने लगा। इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यात्री को इतनी अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ा या उनका मिशन इतना लंबा नहीं खिंचा। सुनीता विलियम्स ने नौ बार अंतरिक्ष में चहलकदमी करके रिकॉर्ड बनाया। इस क्रम में उन्हें 62 घंटे लगे। विलियम्स ने अंतरिक्ष में सबसे ज़्यादा चहलकदमी करने का महिला अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे रहने का दोष किसी पर नहीं मढ़ा। यह दोनों का बड़प्पन है। यह मिशन धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। उनकी ऐतिहासिक यात्रा असाधारण साहस की कहानी है। विलियम्स की दृढ़ता और समर्पण दुनियाभर में अंतरिक्ष के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

## प्रेरक व्यक्तित्व

डॉ. सत्यवान सौरभ



# सुनहरा लम्हा : अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुले रास्ते

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेस एक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जो सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। इसरो भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।

(लेखक कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

सैयद नसरुद्दीन चिश्ती

इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपति का दान है। वक़्फ़ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।

# वक़्फ़ संस्थाओं में सुधार की जरूरत

इस्लाम का आध्यात्मिक आयाम सूफीवाद एक ऐसा मार्ग है, जो प्रेम, करुणा, मानवता की सेवा और आंतरिक शुद्धि पर जोर देता है। भारत के महान सूफी संतों, जैसे हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आरज़ेड), हजरत निजामुद्दीन औलिया (आर.ए.) और कई अन्य सूफी संतों ने सभी समुदायों के बीच शांति (अमन), सहिष्णुता और एकता के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं जाति, पंथ और धर्म से परे थीं और उन्होंने इंसानियत और आध्यात्मिक ज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन औलिया-ए-किराम द्वारा स्थापित ख़ानक़ाह और दरगाह आध्यात्मिक मार्गदर्शन, दान, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के केंद्र बन गए, ऐसे स्थान जहां भूखों को खाना खिलाया जाता था, बीमारों का उपचार किया जाता था और सच्चे मार्ग की खोज करने वालों को आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता था। इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। सूफीवाद और वक्फ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक तरफ, सूफी खुद को अल्लाह की सेवा में समर्पित करते हैं और दूसरी तरफ वे अपनी पूरी संपत्ति को धर्म, जाति और पंथ से परे लोगों के हित और सामाजिक कल्याण में समर्पित करते हैं।

मैं वक़्फ़ की उल्लेखनीय विरासत पर एक संक्षिप्त विचार साझा करना चाहता हूं, जिसने हमारे पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के समय से समाज के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक संस्था जो इस्लामी इतिहास और आध्यात्मिकता में गहराई से निहित है। वक़्फ़ के शुरुआती और सबसे गहन उदाहरणों में से एक हजरत उस्मान ए गनी (रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु) द्वारा मदीना मुनव्वरा में स्थापित किया गया था। पानी की कमी के समय में, उन्होंने बीर-ए-रुमा कुआं खरीदा और इसे वक़्फ़ के रूप में समर्पित कर दिया, जिससे इसका पानी मदीना के लोगों को आसानी से उपलब्ध हो गया। उनकी निस्वार्थ उदारता ने इस्लाम में सबसे पहले वक़्फ़ योगदानों में से एक को चिह्नित किया। इससे भी ज़्यादा प्रेरणादायक बात यह है कि हज़रत उस्मान ए गनी (आरज़ेड) का वक़्फ़ आज भी सक्रिय है, चौदह शताब्दियों से भी ज़्यादा समय बीतने के बाद भी। बीर-ए-रुमा के आस-पास की ज़मीन को वक़्फ़ घोषित किया गया था और यह खजूर की खेती सहित आधुनिक साधनों के ज़रिए आय सृजित करता है। इस वक़्फ़ से




मिलने वाली आय का उपयोग मदीना में धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाता है, जिसमें अनाथों, विधवाओं और तीर्थयात्रियों की सहायता शामिल है।

यह सदाक़ा जारिया (निरंतरे दान) का एक जीवंत उदाहरण है, जो शुरुआती वक़्फ़ के लंबे समय बाद भी पीढ़ियों को लाभान्वित करता रहा है। इस दिव्य उदाहरण का अनुसरण करते हुए, भारत के सूफी संतों ने मानवता की सेवा और समाज के उत्थान के इरादे से विशाल भूमि और संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित किया। इन वक्फ दानों ने खानकाह और दरगाहों की स्थापना, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आतिथ्य प्रदान करने, धर्म या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गरीबों को भोजन कराने के लिए लंगर (सामुदायिक रसोई) चलाने, वंचितों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, अस्पताल और औषधालय स्थापित करने, बीमार और जरूरतमंदों को चिकित्सा उपचार प्रदान करने और अनाथों, विधवाओं और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पहले सूफीवाद के मूलभूत मूल्यों-सेवा, उदारता और करुणा को दर्शाती हैं और इन मूल्यों ने पूरे भारतीय इतिहास में एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण में मदद की। दुर्भाग्य से, वर्तमान समय में, भारत में कई वक्फ संपत्तियों का उपयोग मंशा-ए-वाक़िफ (दाता की मूल मंशा) के अनुसार नहीं किया जा रहा है।


कई राज्य वक्फ बोर्डों में व्यापक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के कारण मूल्यवान वक्फ भूमि और संस्थानों की उपेक्षा, दुरुपयोग और अवैध कब्जे हुए हैं। इसने अनगिनत लोगों को उन सेवाओं और सहायता से वंचित कर दिया है, जिन्हें ये वक्फ संपत्तियां प्रदान करने के लिए बनाई गई थीं। अपने बहुत बड़े योगदान के बावजूद, वक़्फ़ संपत्तियां और दरगाह आधुनिक भारत में कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। वक्फ बोर्डों के भीतर कु-प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण कई वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है या उनका दुरुपयोग किया गया है। वक्फ प्रशासन में वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगे हैं, जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। कई लोग वक्फ के महत्व और सामुदायिक कल्याण में इसकी संभावित भूमिका से अनजान हैं, जिससे वक्फ संसाधनों का कम उपयोग हो रहा है। कई वक्फ संपत्तियां स्वामित्व को लेकर कानूनी विवादों में उलझी हुई हैं, जिससे सार्वजनिक लाभ के लिए उनके प्रभावी उपयोग में देरी हो रही है।

वक्फ संस्थाओं को मजबूत बनाने और सामुदायिक कल्याण में उनकी भूमिका बढ़ाने के लिए कुछ उपायों पर विचार किया जा सकता है। अतिक्रमण को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल रिकॉर्ड लागू करना, वक्फ प्रशासन की देखरेख करने और वित्तीय कुप्रबंधन को रोकने के लिए स्वतंत्र नियामक निकायों की स्थापना करना, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए वक्फ संस्थानों और निजी संस्थाओं के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, वक्फ योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना और वक्फ से संबंधित विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को तेज करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो उठाए जा सकते हैं। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वक्फ की विरासत और सूफीवाद की शिक्षाओं का सम्मान करें, यह सुनिश्चित करें कि ये पवित्र न्यास समाज को लाभान्वित करते रहें और शांति, प्रेम और मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाए रखें।

(लेखक दरगाह हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (आरए) के वंशानुगत सज्जादानशीन के उत्तराधिकारी और एआईएसएससी के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

## दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित

## प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### होली, मस्जिदें और तिरपाल

जैसे ही होली के पावन अवसर पर खबर आई कि मस्जिदों पर तिरपाल ओढ़ाई गई, ख्याल आया कि मस्जिदों का सफेद रंग होने के चलते रंग-बिरंगे रंगों से वे खराब न हो जाएं, इसलिए मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों को ढका होगा। लेकिन यहां तो सांप्रदायिकता की बू आ रही है। पता चल रहा है कि वे होली के रंग अपने धर्मस्थलों पर लगवाना ही नहीं चाहते। यह धर्मान्धता है। हिंदू-मुसलमान त्योहारों को खुशी से मनाते हैं, जैसे क्रिसमस, ईद आदि, और अगर कोई त्योहार मनाते नहीं हैं तो किसी त्योहार का इस तरह तिरस्कार नहीं करते हैं। अगर मस्जिदों को ढकने का निर्णय सिर्फ प्रदूषण से बचाव है, तो ठीक है, परंतु अगर रंगों से बचाव संस्कृति से बचाव है, तो यह सही नहीं है।

*- संतोष जायसवाल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# बलूचिस्तान में तीन विवि ने ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के तीन विश्वविद्यालयों ने सुरक्षा कारणों से अनिश्चित काल के लिए परिसर में कक्षाएं निलंबित कर दी हैं और छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। प्रांत में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच विश्वविद्यालयों ने यह कदम उठाया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान विश्वविद्यालय, सरदार बहादुर खान महिला विश्वविद्यालय और तुर्बत विश्वविद्यालय ने डीन और शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों के साथ परामर्श के बाद यह निर्णय लिया। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने सिबी के पास जाफर एक्सप्रेस को कब्जे में लेकर यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 26 बंधकों की जान चली गई थी। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुए हमलों और सुरक्षा खतरों के बाद तीनों विश्वविद्यालयों ने कक्षाएं ऑनलाइन कर दी हैं।

## ऑफ बीट

# बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं



हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796–1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।

## X ट्रेंड

### संगीत दिग्गज इलैयाराजा



राज्यसभा सांसद थिरु इलैयाराजा एक ऐसे संगीत दिग्गज हैं जिनकी प्रतिभा का हमारे संगीत और संस्कृति पर बहुत बड़ा प्रभाव है। वे हर मायने में एक अग्रणी व्यक्ति हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले लंदन में अपनी पहली पश्चिमी शास्त्रीय सिम्फनी, वैलिएंट प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विलियम्स का स्वागत



पृथ्वी पर वापस आने पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। अंतरिक्ष में आपकी 9 महीने की अविश्वसनीय यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक रही है। आपका साहस और समर्पण पीढ़ियों तक सपनों को प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### नारी सुरक्षा की व्यवस्था



सपा के शासनकाल में उप्र में शुरू हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। इससे नारी सुरक्षा की प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### सक्रिय दृष्टिकोण



भारत सरकार ने बहुत सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। ऊर्जा स्वतंत्रता और खनिज सुरक्षा के अलावा, संसाधन क्षेत्र विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन प्रदान करेगा।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बजट सत्रः राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष ने लगाया आरोप

# नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं की गति, नमामि गंगे पर कम खर्च किए जाने का मुद्दा सदन में उठाया

- हिमालयी नदियों व प्रायद्वीपीय नदियों को जोड़ने के लिए अब तक अब तक योजना नहीं बनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विपक्षी सांसदों ने नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं की सुस्त गति, नमामि गंगे कार्यक्रम पर कम खर्च और जल जीवन मिशन का पर्याप्त क्रियान्वयन न हो पाने का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में उठाया। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी. आर. बालू ने वर्ष 2025-26 के लिए जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि 2014 के प्रचार के दौरान मौजूदा मोदी ने अंतरराज्यीय स्तर पर नदियों को जोड़ने का वादा किया था। लेकिन हिमालयी नदियों और प्रायद्वीपीय नदियों को जोड़ने के लिए अब तक कोई योजना नहीं बनाई गई। उन्होंने दावा किया, ''अब तक कोई डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत अब तक 80 प्रतिशत योजनाओं को ही पूरा किया गया है और केवल 15 करोड़ परिवारों को नल से जल का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है।

द्रमुक सांसद ने कहा कि मिशन के लिए पिछले वित्त वर्ष में 70,000 करोड़ वंटित किए गए, लेकिन सरकार ने केवल 20,000 करोड़ रुपये खर्च किए। उन्होंने कहा कि करीब 50,000 करोड़ खर्च नहीं किये गए। इसका यह मतलब है कि सरकार असल में इसमें रूचि नहीं दिखा रही है।


## पिछले एक दशक में मनरेगा का हुआ प्रभावी क्रियान्वयनः शिवराज चौहान

नई दिल्ली (ब्यूरो)। मनरेगा पर उठाए गए विपक्षी सदस्यों के प्रश्नों पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में कहा मनरेगा का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ है एवं बजट आवंटन में भी वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2006-07 के लिए बजट आवंटन जहां 11,300 करोड़ रुपये था, वहीं 2013-14 में बढ़कर 33,000 करोड़ हो गया और 10 वर्षों में इसमें लगातार वृद्धि हुई है।वित्त वर्ष का 86,000 करोड़ रु. का आवंटन बजट अनुमान चरण में अब तक का सबसे अधिक बजटीय आवंटन है।

## पर्दे के पीछे से मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है कांग्रेस, कानून बनाए केंद्र

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को ठेकेदारी में चार प्रतिशत के आरक्षण की घोषणा का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में उठाया और आरोप लगाया कि कांग्रेस पर्दे के पीछे से अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की श्रेणी में मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इसे रोकने के लिए कानून बनाया जाए। दुबे ने शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि दुबे ने जो भावना व्यक्त की है, उस बारे में संबंधित मंत्रालय को अवगत करा दिया जाएगा।

## उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सरकार और विपक्ष को दी सलाह मुफ्त सुविधाओं व सब्सिडी पर चर्चा करें



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मुफ्त की योजनाओं और सब्सिडी पर चर्चा की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता है, जिससे सरकार द्वारा किए जा रहे निवेश क सही तरीके से उपयोग हो सके। धनखड़ ने कहा कि इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बातचीत होनी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि मुफ्त की योजनाओं को लेकर सदन में विचार विमर्श किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश तभी विकसित होता है, जब पूंजीगत व्यय उपलब्ध हो।

लोकसभा अध्यक्ष की विपक्षी दलों को नसीहत...

## कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस सोशल मीडिया पर प्रचारित-प्रसारित करने से बचें: ओम बिरला



नई दिल्ली (ब्यूरो)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को सदस्यों का आह्वान किया कि वे बहुत ही तत्काल और लोक महत्व के विषय पर ही कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दें तथा आम मुद्दों और राज्यों से संबंधित विषयों पर नोटिस देकर इस संसदीय व्यवस्था की गंभीरता को कम नहीं करें। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के बाद कई विपक्षी सदस्यों के कार्यस्थगन प्रस्ताव संबंधी नोटिस को अस्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी। बिरला ने सदस्यों से यह भी कहा कि वे सदन में नोटिस आने से पहले उसे मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित नहीं करें।

## रास में हास्य, विनोद, कटाक्ष, 'सेंटा' बने गडकरी जिसने जो मांगा दिया, सभापति का गांव कठाना जुड़ेगा एनएच से

- सरकार जल्द ही नई पथकर नीति की घोषणा करेगी : गडकरी

नई दिल्ली (ब्यूरो)। लंबे समय के बाद राज्यसभा में पक्ष, विपक्ष के बीच स्वस्थ्य टीका टिप्पणी, हास्य विनोद देखने को मिला। सदन का माहौल हल्का रहा तो सभापति जगदीप धनखड ने भी अपनी मांग आसंदी से सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष रख दी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वे झुंझुनू जिले के इस जिस किठाना गांव से पढ़े लिखे उसकी सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर देने से उसका चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सकेगा। गडकरी ने कहा कि सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर पथकर (टोल शुल्क) के लिए एक नई नीति की घोषणा करेगी, जिसमें उपभोक्ताओं को उचित रियायत दी जाएगी।

रेल मंत्री वैष्णव-बोले

## 'हाइपरलूप' अभी शुरुआती चरण में

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोस को बताया कि 'हाइपरलूप' परिवहन की एक उभरती हुई तकनीक है और देश में यह विकास के शुरुआती चरण में है। 'दुनिया भर में हाइपरलूप के तकनीकी और सुरक्षा मानकों को अभी तक तैयार नहीं किया गया है।'' हाइपरलूप ट्रेन चुंबकीय शक्ति पर आधारित तकनीक है जिसके तहत खंभों पर पारदर्शी ट्यूब बिछाई जाती है। रेल मंत्री ने हवाई गतिशीलता समाधानों के अनुसंधान और विकास के संबंध में भाजपा सांसद निशिकांत के सवालों का जवाब दिया।

प्रस्ताव का समर्थन

## सांसद निधि हो जीएसटी मुक्तः यादव

नई दिल्ली(ब्यूरो)। अब ये तय हो गया है कि सांसदों के वेतन भत्ते और सांसद निधि सभी बढाये जाएंगे। कब बढेगा ये तय नहीं लेकिन रूपरेखा बना दी गई है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में सपा संसदीय दल के नेता रामगोपाल यादव ने सभापति की अनुमति से ट्रेजरी बेंच का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया कि सांसद निधि बेहद कम होने के कारण जनहित से जुड़ी परियोजनाओं को सांसद पूरा नहीं कर पा रहे हैं जिससे कई सांसदों को हार का सामना करना पड़ रहा है।

नागपुर हिंसा के पीड़ितों की आपबीती

# एक ट्रेन पकड़ने तो दूसरा दूध लेने गया था, अब अस्पताल में जूझ रहे

भाषा ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के परिजनों के लिए यह समझना मुश्किल है कि कैसे उनके अपने, अस्पतालों में पहुंच गए और अब अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बड़े नवाज नगर के निवासी इमरान अंसारी अपने बड़े भाई इरफान अंसारी की गंभीर हालत को लेकर सदमे में हैं। पेशे से 'वेल्डर' इरफान को नागपुर रेलवे स्टेशन से रात एक बजे इटारसी जाने वाली ट्रेन पकड़नी थी, जिसके लिए वह सोमवार रात करीब 11 बजे घर से निकले थे। नागपुर रेलवे स्टेशन का इलाका हिंसा प्रभावित था। परिवार को इंदिरा गांधी राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से सूचना मिली कि दुर्घटना के बाद इरफान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### यह है मामला

यह हिंसा छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विरोध प्रदर्शन से भड़की थी।

## नागपुर हिंसाः विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व करने पर एमडीपी नेता फहीम खान गिरफ्तार

नागपुर (भाषा)। महाराष्ट्र में नागपुर पुलिस थाने के बाहर सोमवार को एक विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व करने के आरोप में माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के नेता फहीम खान को गिरफ्तार किया गया है। उक्त प्रदर्शन के बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। यह प्रदर्शन विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं के औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन के बाद हुआ था। बुधवार को अधिकारी ने बताया कि खान का नाम अब तक दर्ज की गई छह प्राथमिकी में से एक में है, साथ ही 50 अन्य लोगों के नाम भी हिंसक झड़पों के सिलसिले में दर्ज हैं, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

## आरएसएस के सुनील आंबेकर ने नागपुर हिंसा की निंदा की, औरंगजेब को 'अप्रासंगिक' बताया

- राष्ट्रीय बैठक 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' में की टिप्पणी

बेंगलुरु (भाषा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने नागपुर में हाल में हुई हिंसा की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा समाज के लिए हानिकारक है। आंबेकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि 17वीं सदी का मुगल बादशाह औरंगजेब आज के संदर्भ में प्रासंगिक नहीं है। आंबेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की आगामी तीन दिवसीय राष्ट्रीय बैठक 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' (एबीपीएस) से संबंधित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की । एबीपीएस 21-23 मार्च को यहां आयोजित होने वाली है। आरएसएस के संचार प्रमुख ने अशांति पर संगठन के रुख से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, किसी भी प्रकार की हिंसा समाज के लिए अच्छी नहीं है और मुझे लगता है कि पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है और इसलिए वह इसकी विस्तृत जांच करेंगी।''

## सीसीटीवी मामले में सत्येंद्र जैन पर केस

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी) मधुर वर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

## नौकरी के बदले जमीन केस में लालू से चार घंटे पूछताछ

पटना (भाषा)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद कथित ''नौकरी के बदले जमीन'' घोटाले की जांच के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीमार लालू प्रसाद (76) सुबह करीब 10.30 बजे पटना के बैंक रोड स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे, जहां करीब चार घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद लालू वहां से अपने आवास लौट गए। लालू की सबसे बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र से राजद सांसद मीसा भारती इस दौरान अपने पिता के साथ थीं। लालू ने संवाददाताओं के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया।

## विकास के लिए ऊंची प्रति व्यक्ति आय दिखाते हैं राज्य, सब्सिडी को 75 प्रतिशत आबादी है बीपीएलः न्यायालय



- राशन कार्ड अब एक लोकप्रियता कार्ड बन गया

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि राज्यों ने विकास सूचकांक को रेखांकित करने के लिए प्रति व्यक्ति आय दर्शायी लेकिन सब्सिडी की बात आने पर उन्होंने 75 प्रतिशत आबादी के गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे होने का दावा किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि हमारी चिंता यह है कि क्या वास्तविक गरीबों के लिए निर्धारित लाभ उन लोगों तक पहुंच रहे हैं जो इसके हकदार नहीं हैं? राशन कार्ड अब एक लोकप्रियता कार्ड बन गया है।'' न्यायाधीश ने कहा, ''ये राज्य बस यही कहते हैं कि हमने इतने कार्ड जारी किए हैं। कुछ राज्य ऐसे हैं जो जब उन्हें अपना विकास दिखाना होता है तो कहते हैं कि हमारी प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है। और फिर जब हम बीपीएल की बात करते हैं तो वे 75 प्रतिशत आबादी को गरीबी रेखा के नीचे बताते हैं। इन तथ्यों के बीच सामंजस्य किस तरह बैठाया जा सकता है। विरोधाभास अंतर्निहित है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे।''




**हलक में अटकी सांसें, चिंता में लोग डूबे**

# 1900 डिग्री तापमान... 7 मिनट के लिए टूटा संपर्क, जब सुनीता सहित चार अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के दौरान मंडराया कल्पना चावला जैसा खतरा!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने अंतरिक्ष में बिताने के बाद सकुशल धरती पर लौट आए। जिसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, उपलब्धि के इन पलों के बीच एक समय ऐसा भी आया जब लोग चिंता में डूब गए। बुधवार तड़के स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल अंतरिक्ष यात्री निक हेग, बुच विल्मोर, सुनीता विलियम्स और रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव को धरती पर वापस लाने वाला ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तट पर उतरा। अंतरिक्ष से धरती तक का यह सफर 17 घंटे का था। लेकिन लैंडिंग की इस प्रक्रिया में सांसें थामने वाला 7 मिनट का एक पल भी था। जैसे ही स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया तो उसका तापमान 1900 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया। यह वह समय था जब सात मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट हो गया।

स्पेसक्राफ्ट का पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश बहुत ही निर्णायक तापमान अधिक होने से स्पेसक्राफ्ट के क्रैश होने की आशंका बढ़ जाती

### जानिए क्या है कम्युनिकेशन ब्लैकआउट?

जब भी कोई स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल से प्रवेश करता है तो उसकी रफ्तार लगभग 28000 किमी प्रति घंटे की होती है। इस रफ्तार से जब कैप्सूल गुजरता है तो वायुमंडल से रगड़ खाता है। इसी घर्षण की वजह से कैप्सूल का तापमान और बढ़ता है, जिससे स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो जाता है। इस दौरान स्पेसक्राफ्ट का मिशन कंट्रोल से सिग्नल टूट जाता है। इस बीच यान का किसी तरह से संपर्क नहीं रहता।

### 'अखंड ज्योति' जलाई, प्रार्थना स्वीकार



*सुनीता की धरती पर सुरक्षित वापसी से भारत में भी जश्न का माहौल है, सुनीता के पैतृक गांव (मेहसाणा जिला) में तो होली-दिवाली एक साथ मना गई है। गांव वाले विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी के लिए के लिए 9 महीने तक 'अखंड ज्योति' जलाकर प्रार्थना करते रहे। इसे तभी प्रज्ज्वलित किया गया था जब सुनीता अंतरिक्ष में गई थीं।*

### सुनीताः इतिहास रच देने वाली भारतीय मूल की अंतरिक्षयात्री

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स यूं तो पहले भी दो बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जा चुकी हैं लेकिन तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के बाद उन्हें वापसी के लिए लंबा इंतजार करना होगा और यह घटना इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। पूर्व अमेरिकी नौसैन्य कप्तान विलियम्स (59) का जन्म 19 सितंबर 1965 को यूक्लिड, ओहियो में हुआ था। उनके पिता दीपक पांड्या गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन से थे तथा मां उर्सुलाइन बोनी पांड्या स्लोवेनिया से हैं। सुनीता विलियम्स को बचपन से ही विज्ञान में रुचि थी, लेकिन उनका सपना पशु चिकित्सक बनना था। उनके भाई जय का अमेरिकी नौसेना अकादमी में चयन हुआ था और वहां जाने के बाद सुनीता ने नौसेना अधिकारी बनने का सपना देखा। जब विलियम्स को नौसेना विमानन प्रशिक्षण कमान में शामिल होने का अवसर मिला। वह 1989 में नौसेना एविएटर बनीं और उन्होंने नॉरफ़ॉक, वर्जीनिया में 'हेलिकॉप्टर कॉम्बैट सपोर्ट स्क्वाड्रन 8' में सेवा दी। विलियम्स को 1998 में नासा ने अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के साथ भी काम किया। वह नौ दिसंबर 2006 को 'अंतरिक्ष शटल डिस्कवरी' पर सवार होकर अपने पहले मिशन पर रवाना हुईं और आईएसएस अभियान 14 और 15 में शामिल होकर 195 दिनों के लिए कक्षा में रहीं। विलियम्स 17 जुलाई 2012 को रूसी अंतरिक्ष यान सोयूज पर सवार होकर अंतरिक्ष स्टेशन पर चार महीने के प्रवास के बाद वापस आईं और 19 नवंबर को पृथ्वी पर लौट आईं। वह 16 अप्रैल 2007 को अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली व्यक्ति बनीं। उन्होंने अंतरिक्ष स्टेशन पर ट्रेडमिल पर बोस्टन मैराथन चार घंटे और 24 मिनट में पूरी की। वह 2012 में दूसरी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का नेतृत्व करने वाली एकमात्र दूसरी महिला बनीं।

### चचेरी बहन ने बताया 'समोसा पार्टी' का प्लान



*अहमदाबाद। अंतरिक्ष सुनीता विलियम्स की चचेरी बहन फाल्गुनी पांड्या ने बताया कि अंतरिक्ष से वापस आने के बाद सुनीता के साथ वे छुट्टियां मनाने का प्लान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में समोसा खाया था, तो अब हम उनके लिए एक समोसा पार्टी का आयोजन करेंगे। पिछले साल सितंबर में सुनीता विलियम्स ने स्पेस में अपना 59वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया था और इस मौके पर उनकी चचेरी बहन ने काजू कतली भेजी थी। फाल्गुनी की मानें तो सुनीता को इंडियन फूड्स काफी पसंद है और यही वजह है कि भारत दौरे पर वे कई फूड्स का लुत्फ उठाने का प्लान बना सकती हैं। वहीं दूसरी तरफ सुनीता की धरती पर वापसी होने पर समुद्र में उनका कैप्सूल उतरा तो उन्हे स्ट्रक्चर पर लाया गया।*

---

**मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

# अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे से पूर्वोत्तर क्षेत्र में एकजुटता और विकास को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका*

*भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बना रहा*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर सीमावर्ती इलाकों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में उन्होंने इस हाईवे को पूरे क्षेत्र और देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की भूमिका को स्वीकार किया और इस क्षेत्र के योगदान और इसकी प्रगति को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है।

इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला सुरंग शामिल है, जो असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग से जोड़ती है। इसके अलावा, अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे के खुलने से यह पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

लगभग 2,000 किलोमीटर लंबा यह राजमार्ग भारत के लिए एक रणनीतिक और आर्थिक परिसंपत्ति के रूप में काम करेगा। सरकार द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं का ही परिणाम है कि पूर्वोत्तर तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और हिंसक घटनाओं में काफी कमी आई है।

### मेजर बॉब खाथिंग असाधरण व्यक्तित्व के धनी थे




*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखने, एकजुट रहने, सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निडरता से आगे बढ़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह मेजर बॉब खाथिंग के मूल सिद्धांत थे और वह एक असाधारण व्यक्तित्व थे जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया। उनके नेतृत्व और सुधारों से आज भी सरकार को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन में अहम भूमिका निभाई, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापना हुई और जनता और सरकार के बीच दूरी कम हुई।*

### डिजिटल इंडिया से सरकारी सेवाएं लोगों के लिए सुलभ हुई

रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार विदेश नीति और प्रशासन में भी मेजर खाथिंग के सिद्धांतों को अपना रही है। उन्होंने बताया कि भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बनाकर अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत कर रहा है। प्रशासनिक सुधारों का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' और 'गुड गवर्नेंस' जैसी पहल से प्रशासन अब जनता के करीब आ गया है। उन्होंने डिजिटल इंडिया और जैम ट्रिनिटी (जन धन-आधार-मोबाइल) का भी उल्लेख किया, जिससे सरकारी सेवाएं अब लोगों के लिए अधिक सुलभ और सरल हो गई हैं।

#### शांतिपूर्ण ढंग से अनुच्छेद 370 हटाया

*रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक शामिल किया और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा- अनुच्छेद 370- को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। यह कार्य सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से किया गया।*

---

**रायसीना संवाद में बोले एस. जयशंकर**

## 'टैरिफ व प्रतिबंध' अब अपने हितों की रक्षा के शक्तिशाली उपकरण बने




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अब ये केवल आर्थिक उपाय नहीं रहे, बल्कि देशों के लिए अपने हितों की रक्षा करने के शक्तिशाली उपकरण बन चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसी कई आर्थिक गतिविधियों का तेजी से एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। ऐसे में, दुनिया एक नए आर्थिक समीकरण की ओर बढ़ रही है।

#### विभाजित करने वाली रेखाएं मिटीं

जयशंकर ने कहा कि यह दुनिया की सच्चाई है। आप अपने कारोबार के लिए लड़ते हैं, क्योंकि आप अपने रोजगार के लिए लड़ रहे हैं, आपव्यापक राष्ट्रीय शक्ति के लिए लड़ रहे हैं, जिसमें कारोबार का अहम योगदान है। मुझे लगता है कि आज, विभिन्न क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं मिट गई हैं। यदि आप अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखें, तो मुझे लगता है कि आज की संस्कृति एक दशक पहले की तुलना में कम संयमित है। 13 मार्च को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन ने विभिन्न देशों की ओर से यूएस पर लगाए गए टैरिफ पर दुख जताते हुए भारत की ओर से अमेरिकी शराब व कृषि उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का जिक्र किया था।

## राष्ट्रपति एर्दोगन का बड़ा प्रतिद्वंद्वी गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की पुलिस ने बुधवार को इस्तांबुल के मेयर और कई अन्य प्रमुख हस्तियों को कथित भ्रष्टाचार तथा आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस्तांबुल के मेयर विपक्ष के लोकप्रिय नेता हैं और राष्ट्रपति एर्दोगन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। यह तुर्की में विपक्ष की उठती आवाजों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई की बढ़ती घटनाओं का एक हिस्सा है। उन्हें आतंकी समूह की मदद करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने बुधवार को इसे 'हमारे अगले राष्ट्रपति के खिलाफ तख्तापलट' कहा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमामोग्लू के खिलाफ यह कदम देश भर में विपक्षी नेताओं पर महीनों से चल रही कानूनी कार्रवाई का परिणाम है, जिसे उनकी चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने के राजनीतिक प्रयास के रुप में देखा जा रहा है।



## मोदी की विदेश नीति की तारीफ पर कायम थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख की आलोचना करने वाले पुराने नजरिए को गलत माना था। उनके अपनी गलती मानने पर कांग्रेस में ही सवाल उठने लगे थे, जिस पर उन्होंने सफाई दी है और कहा कि यह राजनीतिक मामला नहीं है। थरूर ने कहा कि मैं एक भारतीय के तौर पर अपनी राय रखी।




---

**लंदन से मेरठ लौटा था मर्चेंट नेवी अफसर**

## पत्नी ने पति की हत्या की, बॉडी के टुकड़े किए, 12 दिन बॉयफ्रेंड के साथ घूमी

**मेरठ।** लंदन से लौटकर मेरठ आए मर्चेंट नेवी में अफसर सौरभ कुमार राजपूत की उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने हत्या कर दी। इस काम में उसका साथ बॉयफ्रेंड साहिल शुक्ला उर्फ मोहित ने दिया। बेडरूम में सोते समय पति के सीने में मुस्कान ने ही पहला चाकू मारा। मौत के बाद लाश को बाथरूम में ले गए। जहां साहिल ने हाथ-पैर समेत शरीर के 4 टुकड़े किए। बॉडी को ठिकाने लगाने के लिए प्लास्टिक के ड्रम में टुकड़े डाले। फिर उसमें सीमेंट का घोल भर दिया। परिवार और पड़ोसियों को गुमराह करने के लिए मुस्कान शिमला-मनाली चली गई। 12 दिन तक वह इंस्टाग्राम पर वीडियो-फोटो अपलोड करती रही, ताकि लोग यही समझते रहें कि वह लोग घूम रहे हैं। इस कत्ल से पर्दा तब हटा, जब 18 मार्च को सौरभ का छोटा भाई राहुल अपने भाई के ब्रह्मपुरी के इंद्रानगर सेकेंड स्थित घर पर पहुंचा। यहां उसने मुस्कान को एक लड़के (साहिल) के साथ घूमते देखा। भाई कहां हैं? पूछने पर सही जवाब मुस्कान नहीं दे सकी।



## पुतिन का वादा हकीकत से कोसों दूर : जेलेंस्की

**कीव (एपी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रातभर हुए ड्रोन हमलों के बाद बुधवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले न करने का वादा 'हकीकत से कोसों दूर' है। जेलेंस्की ने कहा कि वह शाम के समय ट्रंप से बात करेंगे और युद्धविराम के बारे में पुतिन के साथ ट्रंप की बातचीत के पहलुओं को समझने की कोशिश करेंगे तथा अगला कदम उठाने पर चर्चा करेंगे। जेलेंस्की ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर के साथ संवाददाताओं से कहा कि पिछली रात पुतिन की ट्रंप के साथ बातचीत के बाद पुतिन ने कहा था कि वह यूक्रेनी ऊर्जा ठिकानों पर हमले को रोकने के कथित तौर पर आदेश दे रहे हैं।

**मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोले पीएम**

## मंत्रिमंडल के फैसलों से किसानों के लिए रोजगार सृजन होगाः मोदी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) को मंजूरी दिए जाने के केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से इस क्षेत्र में व्यापक बदलाव आएगा, किसानों के लिए बेहतर मूल्य सुनिश्चित करेगा और साथ ही रोजगार सृजन भी करेगा।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत के डेयरी क्षेत्र को बड़ी मजबूती! संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी इस क्षेत्र के परिवर्तन में योगदान देगी, जिससे किसानों के लिए बेहतर मूल्य निर्धारण, रोजगार सृजन और बहुत कुछ सुनिश्चित होगा।'' प्रधानमंत्री ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) को मंजूरी दिए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे दूध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, स्वदेशी नस्लों में सुधार होगा और कई डेयरी किसानों को सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने इसे पशुधन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम करार दिया।

---

**गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स ने भारत के प्रयासों को सराहा, कहा**

# ग्लोबल हेल्थ व विकास में डिजिटल समाधान तैयार कर रहा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल अपने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन का निर्माण कर रहा है, बल्कि ऐसे समाधान भी बना रहा है, जिनमें ग्लोबल हेल्थ और विकास को बदलने की क्षमता है। गेट्स फाउंडेशन और महिला सामूहिक मंच के सहयोग से सीआईआई द्वारा आयोजित एक वैश्विक मंच पर बोलते हुए, बिल गेट्स ने इनोवेशन, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी में भारत के लीडरशिप की सराहना की। इस मंच के साथ वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका के मद्देनजर ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर, पॉलिसी मेकर्स और इन्वेस्टर्स एक साथ आए।

### भारत इनोवेटिव सॉल्यूशन बढ़ाने पर दे रहा जोर



गेट्स ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा, एआई-संचालित निदान और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी लीडिंग भूमिका के साथ भविष्य का निर्माण कर रहा है। उन्होंने उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक स्तर पर भारत के इनोवेटिव सॉल्यूशन को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

#### भारत का डिजिटल एक मॉडल

गेट्स ने भारत की तीव्र प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंक्लूसिव आर्थिक विकास और तकनीकी सफलताओं को दुनिया के लिए एक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भविष्य की ओर देखते हुए, गेट्स ने वैश्विक स्तर पर एआई, स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में सफलताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय इनोवेटर्स, पॉलिसी मेकर्स और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने के लिए अपने फाउंडेशन के कमिटमेंट की पुष्टि की।

#### गेट्स के नेतृत्व की सराहना की

अलायंस फॉर ग्लोबल गुड जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी की अध्यक्ष स्मृति ईरानी ने फाउंडेशन और गेट्स के नेतृत्व की सराहना की। साथ ही सोशल इनोवेशन के लिए निवेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। ईरानी ने कम लागत वाले, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन समाधान लाने में भारत की शक्ति के बारे में बात की, जो स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई- 400 056
दूरभाष : 022-26713538, ई-मेल: legaltrademark.kvic@gov.in
वेबसाईट: www.kvic.gov.in

### चेतावनी सूचना

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) संसद के अधिनियम, 'खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम 1956' के अंतर्गत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है जो कि **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार** के अधीन कार्यरत है तथा इसका पंजीकृत कार्यालय "ग्रामोद्योग", 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) मुंबई, महाराष्ट्र-400056 में स्थित है। आयोग आम जनता के संज्ञान हेतु सूचित करता है कि केवीआईसी नीचे उल्लिखित सभी वस्तुओं और सेवाओं के लिए ट्रेडमार्क का स्वामी और मालिक हैः

खादी भारत Khadi India | KVIC — कामये दुःखतप्तानाम्। प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्।। | Khadi India
खादी भारत | खादी (शब्द मार्क) | Khadi India Prakritik Paint (INDIA'S FIRST COW DUNG PAINT)

उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क भारत और दुनिया के विभिन्न देशों में संरक्षित और पंजीकृत हैं और केवीआईसी द्वारा विश्व में लगातार और खुले तौर पर उपयोग किए जा रहे हैं। आयोग द्वारा केवीआईसी के उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क और/या किसी भी भ्रामक रूप से समान ट्रेडमार्क के किसी भी प्रकार से अनधिकृत उपयोग में लिप्त सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें केवीआईसी के 'खादी' ट्रेडमार्क का प्रत्यय या उपसर्ग के रूप में, चाहे ट्रेडमार्क, व्यापार नाम और/या डोमेन नाम के भाग के रूप में उपयोग करना भी शामिल है, ताकि केवीआईसी के कानूनी अधिकारों की रक्षा की जा सके। जन-साधारण को उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क के खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा अधिकृत संस्थाओं/व्यक्ति के अलावा यदि किसी अन्य द्वारा उपयोग किए जाने की कोई जानकारी/सूचना है, तो उनसे अनुरोध है कि केवीआईसी को ईमेल **legalaffairs.kvic@gov.in** पर अवश्य सूचित करें।

**-उप.मुख्य कार्यकारी अधिकारी (विधि मामले)**

CBC 25103/15/0003/2425

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25